
mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-28 अंक-360 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

31 दिसंबर 2024 मंगलवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



मांजरेकर ने ...

@ पेज 7

# दिल्ली और कश्मीर को जोड़ने वाली 5 नई ट्रेनें होंगी शुरू



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनवरी में पांच नई आधुनिक ट्रेनों की सौगात देने जा रहे

**मुंबई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनवरी में पांच नई आधुनिक ट्रेनों की सौगात देने जा रहे हैं। दिल्ली और कश्मीर को जोड़ने वाली पांच ट्रेन को लॉन्च करेंगे। ये ट्रेनें कश्मीर के मौसम को ध्यान में रखते हुए ऑनबोर्ड हीटिंग सिस्टम से लैस होगी। ऐसे में ये ट्रेनें न केवल तकनीकी दृष्टि से अत्याधुनिक होंगी, बल्कि विशेष रूप से कश्मीर के कठोर मौसम को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई हैं।

**ऑनबोर्ड हीटिंग सिस्टम:** कश्मीर के सर्द मौसम को ध्यान में रखते हुए इन ट्रेनों में हीटिंग सिस्टम लगाया गया है, ताकि यात्रियों को सर्दियों में भी आरामदायक यात्रा का अनुभव हो सके। भारतीय रेलवे की यह पहल न केवल परिवहन को आसान बनाएगी, बल्कि कश्मीर घाटी में पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगी। ट्रेनें बर्फ से ढके इलाकों से गुजेंगी और यात्रियों की सुविधा के लिए ऑनबोर्ड हीटिंग सिस्टम से लैस होंगी। हीटिंग सिस्टम शून्य से नीचे के तापमान में भी कोच को गर्म और आरामदायक बनाएगा। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा ÷पांचों रेक का निर्माण पूरा हो चुका है और ट्रेनें परिचालन के लिए तैयार हैं। इसे अगले साल के पहले महीने में लॉन्च किया जा सकता है।÷

**प्रत्येक ट्रेन में 22 कोच होंगे:** कोच के पहिए और इंजन के सामने के शीशे बर्फ के जमने को रोकने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

ऑनबोर्ड हीटिंग सिस्टम शून्य से नीचे के तापमान में जमी बर्फ को पिघलाने में मदद करेगा।

प्लेटफॉर्म से रवाना होने से पहले कोच को दोनों तरफ से सैनिटाइज किया जाएगा।

श्रीनगर जाने वाले यात्रियों को एयरपोर्ट पर होने वाली सुरक्षा जांच की तरह ही विशेष सुरक्षा जांच से गुजरना होगा।

सामान्य रूट की ट्रेनों की तुलना में रेलवे सुरक्षा बल के अधिक जवान होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कॉटलैंड की एक नदी में मिला भारतीय छात्रा का शव

**लंदन (एजेंसी)।** इस महीने की शुरुआत से लापता 22 वर्षीय भारतीय छात्रा का शव स्कॉटलैंड की एक नदी में मिला है। शव मिलने के बाद इस बारे में मृतक छात्रा के परिवार को सूचित कर दिया गया है और औपचारिक पहचान की प्रतीक्षा की जा रही है। केरल की संत्रा साजू स्कॉटलैंड की राजधानी एडिनबर्ग में हेरियट-वाट यूनिवर्सिटी में पढ़ती थी। 'पुलिस स्कॉटलैंड' ने एक बयान में कहा कि उन्हें एडिनबर्ग के पास न्यूब्रिज नाम के गांव के पास नदी में एक शव के बारे में पता चला जिसके बाद मामले की जांच शुरू की गई।



पुलिस ने बताया, ''अभी शव की औपचारिक पहचान होनी बाकी है, हालांकि संत्रा साजू (22) के परिवार को सूचित कर दिया गया है। साजू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इनकार किया गया है।'' बयान में कहा गया है कि स्कॉटलैंड की अभियोजन सेवा 'प्रोक्यूरेटर फिस्कल' (स्कॉटलैंड में सरकारी वकील) और मृत्यु अन्वेषण संस्था को रिपोर्ट भेजी जाएगी। सीसीटीवी फुटेज से मिली जानकारी के अनुसार, साजू को आखिरी बार छह दिसंबर की शाम को लिविंगस्टन के अल्मोंडवेल में असदा सुपरमार्केट स्टोर में देखा गया था। साजू के लापता होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने तुरंत गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की थी।

### 'महिलाएं सही तरीके से नहीं पहनती हैं इस्लामी हिजाब' दी चेतावनी...

**काबुल (एजेंसी)।** तालिबान ने कहा है कि वह अफगानिस्तान में महिलाओं को रोजगार देने वाले सभी राष्ट्रीय और विदेशी गैर-सरकारी समूहों (एनजीओ) को बंद कर देगा। तालिबान ने दो साल पहले सभी एनजीओ को अफगान महिलाओं को रोजगार देने से मना किया था, जिसके बाद उसका यह कदम सामने आया है। तालिबान ने यह कदम कथित तौर पर इसलिए उठाया है क्योंकि उसका कहना है कि महिलाएं इस्लामी हिजाब सही तरीके से नहीं पहनती हैं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किए गए



पत्र में वित्त मंत्रालय ने चेतावनी दी कि हालिया आदेश का पालन नहीं करने पर ऐसे एनजीओ को अफगानिस्तान में काम करने का लाइसेंस खोना पड़ेगा। मंत्रालय ने कहा कि वह राष्ट्रीय एवं विदेशी संगठनों के पंजीकरण, समन्वय, नेतृत्व और उनकी सभी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जिम्मेदार है। पत्र के अनुसार, सरकार एक बार फिर तालिबान के नियंत्रण से बाहर के संस्थानों में महिलाओं के हर तरह के कामकाज को बंद करने का आदेश देती है। पत्र के अनुसार, ''सहयोग नहीं मिलने की स्थिति में उस संस्था की सभी गतिविधियां रद्द कर दी जाएंगी और मंत्रालय की तरफ से दिया गया संस्था का गतिविधि लाइसेंस भी रद्द कर दिया जाएगा।'' तालिबान पहले ही कई नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी तथा अधिकतर सार्वजनिक स्थानों पर उनकी मौजूदगी को लेकर पाबंदी लगा चुका है। तालिबान ने महिलाओं को छठी कक्षा से आगे की शिक्षा से भी वंचित कर दिया है।

## 'हमारे पूर्वजों ने कराया चंदौसी में बावड़ी का निर्माण'

**संभल (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश का संभल जिला बीते कुछ समय से पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। संभल के चंदौसी में स्थित प्राचीन बावड़ी की खुदाई में एक के बाद एक



रहस्य सामने आ रहे हैं। इस बीच अब बावड़ी को लेकर मालिकाना दावा भी सामने आने लगा है। अब चंदौसी नगर में हो रही बावड़ी की खुदाई को लेकर पूर्व सांसद राजा चंद्र विजय सिंह ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि इस बावड़ी का निर्माण उनके पूर्वजों ने कराया था। पूर्व सांसद राजा चंद्र विजय सिंह ने कहा है कि खुदाई के दौरान निकली बावड़ी का संबंध रुस्तम नगर सहसपुर के राज परिवार से है। उन्होंने ये भी कहा है कि वह अकेले उस राजघराने के वारिस हैं। पूर्व सांसद राजा चंद्र विजय सिंह ने बताया कि चंदौसी में निकली बावड़ी का निर्माण उनके पूर्वजों ने कराया था। उन्होंने कहा कि बदायूं के ओहिया से रुस्तम नगर सहसपुर तक उनका राज्य था। चंदौसी में निकली बावड़ी पर अलग-अलग दावा करने वाले सामने आ रहे हैं। उस पर राजा चंद्र विजय सिंह ने कहा कि वह उनके दावेदारों को नहीं जानते। वर्तमान में वह और उनकी बहन की राज परिवार की उत्तराधिकारी है। राजा चंद्र विजय सिंह ने कहा कि वह इस बावड़ी की भूमि को राज्य सरकार को देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि पुरातत्व विभाग इसे अपने संरक्षण में लेकर देखरेख करें और पर्यटन स्थल भी बनाए और भव्य ऐतिहासिक स्थल का निर्माण करें।

### दो आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटे जाने की घटना

# आदिवासी महिलाओं से बर्बरता पर राहुल और प्रताप चंद्र सारंगी भिड़े






**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओडिशा के बालासोर जिले में दो आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटे जाने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। यह घटना गुरुवार को गोवर्धनपुर गांव में हुई। महिलाओं पर आरोप था कि वे कुछ आदिवासी परिवारों का धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश कर रही थीं। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई।

**मामले में पुलिस की कार्रवाई और जांच :** पुलिस के अनुसार, दो महिलाओं और एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया और पीटा। बाद में पुलिस ने उन्हें बचाया। घटना की शुरुआती जांच में पता चला कि यह मामला धर्म परिवर्तन और जातिगत विवाद से जुड़ा है। महिलाओं पर ओडिशा फ्रीडम ऑफ रिलिजन एक्ट, 1967 और भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, इस घटना में शामिल 3 लोगों पर एससी/एसटी एक्ट और अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है और 7 लोगों को नोटिस दिया गया है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस घटना पर प्रतिक्रिया दी और सोशल मीडिया %एक्स% पर लिखा, ÷ओडिशा में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटा गया और मध्य प्रदेश में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में मौत हुई। यह बीजेपी की मनुवादी सोच का नतीजा है। हम बहुजनों के संवैधानिक अधिकारों और न्याय के लिए लड़ेंगे।÷

**राहुल की प्रतिक्रिया पर बालासोर सांसद का पलटवार:** बालासोर के सांसद प्रताप चंद्र सारंगी ने राहुल गांधी के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा,÷मैं इस घटना की कड़ी निंदा करता हूं। राहुल गांधी का यह कहना कि बीजेपी सरकार इस तरह की घटनाओं को शह देती है, बिल्कुल गलत है। अगर ऐसा है तो सिख नरसंहार के लिए कौन जिम्मेदार था? कांग्रेस शासन में महिलाओं पर हुए अत्याचारों का क्या? कानून अपना काम कर रहा है और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।÷ सांसद सारंगी ने बालासोर एसपी से बात कर तुरंत कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण के मुद्दे पर कानून है, लेकिन किसी को पीटना और कानून हाथ में लेना गलत है।

## 'नया साल ईसाईयों का कार्यक्रम, जश्न मनाना है हराम' फतवा जारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिसंबर खत्म होने को है और नए साल का जश्न शुरू होने वाला है। नए साल के जश्न को लेकर फतवा भी जारी कर दिया गया है। बरेलवी मसलक के चश्म-ए-दारुल इफ्ता ने नए साल का जश्न मनाने और मुबारकबाद देने को गैर इस्लामी करार दिया है। उन्होंने फतवा जारी करके मुसलमानों को इससे दूर रहने की हिदायत दी है। दारुल इफ्ता के मुख्य मुफ्ती और ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने रविवार को जारी फतवे में कहा कि नए साल का जश्न मनाना, मुबारकबाद देना और इस अवसर पर पार्टियां आयोजित करना इस्लामी नजरिए से नाजायज है। फतवे में कहा गया कि जनवरी से शुरू होने वाला नया साल ईसाईयों का नया साल है। यह विशुद्ध रूप से ईसाईयों का धार्मिक कार्यक्रम है। इसलिए मुसलमानों का नए साल का जश्न मनाना जायज नहीं है। इसमें कहा गया है कि इस्लाम इस तरह के कार्यक्रमों को सख्ती के साथ रोकता है। फतवे में मुसलमानों से कहा गया कि दूसरे मजहबों को मानने वालों के धार्मिक त्यौहारों में शामिल होने या उन्हें खुद आयोजित करने से बचें। ऐसा करने से दूसरे मुस्लिम साथियों को भी रोकें। मालूम हो कि इस्लामिक फतवा एक धार्मिक राय या निर्णय है, जो इस्लामी कानून के अनुसार दिया जाता है। यह एक इस्लामी विद्वान या मुफ्ती द्वारा दिया जाता है, जो इस्लामी कानून के जानकार होते हैं।

# केजरीवाल के ताबड़तोड़ वादे, भाजपा की बढ़ा दी चिंता?

## केजरीवाल के तेवर और बड़े बड़े ऐलान बीजेपी और कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव फरवरी में हो सकते हैं और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल चुनाव से पहले जनता को लुभाने के लिए कई बड़े गिफ्ट्स लेकर आए हैं। चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने तैयारी तेज कर दी है लेकिन केजरीवाल धड़ाधड़ बड़े बड़े ऐलान करते जा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल ने दिल्लीवालों को खुश करने के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं। लंबे समय से दिल्ली की सत्ता संभालने वाले केजरीवाल और उनकी पार्टी आप के लिए यह विधानसभा चुनाव कई मायनो में खास है क्योंकि केजरीवाल हर हाल में अपनी जीत को बरकरार रखना चाहते हैं। केजरीवाल के तेवर और बड़े बड़े ऐलान बीजेपी और कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं।



आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल ने पिछले कुछ दिनों में पांच बड़ा ऐलान किया है। इसमें महिलाओं के लिए 2100 रुपये महीना, संजीवनी योजना के तहत 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का फ्री इलाज, बुजर्गों के लिए पेंशन स्कीम, 24 घंटे दिल्लीवासियों को साफ पानी और पुजारियों और ग्रंथियों के लिए सैलरी का भी ऐलान शामिल है। केजरीवाल के इन वादों को आप के नेता मास्टरस्ट्रोक बता रहे हैं तो वहीं बीजेपी इसको लेकर हमलावर है। बीजेपी इन वादों को दिल्लीवालों के लिए धोखा बता रही है। भाजपा का कहना है कि केजरीवाल सिर्फ लोगों से झूठ वादा कर रहे हैं।

केजरीवाल के हर ऐलान पर बीजेपी तंज कस रही है। केजरीवाल ने जब महिला सम्मान और संजीवनी योजना का ऐलान किया तो बीजेपी ने इस बड़ा छलावा बताते हुए कहा कि आप पिछले 10 साल से सत्ता में है, लेकिन किसी भी महिला को 10 रुपये की मदद नहीं दी। वे चुनाव नजदीक आते ही बुजुर्गों और महिलाओं से झूठा वादा कर रहे हैं। केजरीवाल ने जब दिल्लीवासियों को साफ पानी का वादा दिया तो बीजेपी ने इसका भी पलटवार किया।

## क्रिकेट खेलते हुए खिलाड़ी को दिल का दौड़ा पड़ा और हो गई मौत

**जालना (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के जालना से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। 25 दिसंबर क्रिसमस के मौके पर जालना में क्रिकेट मैच खेलते समय खिलाड़ी को अचानक दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 11.30 बजे की है। मौत का लाइव वीडियो सामने आया है। 32 वर्षीय विजय पटेल जो जालना में क्रिसमस के मौके पर क्रिसमस क्रिकेट ट्रॉफी खेल रहे थे, तभी अचानक क्रिकेट ग्राउंड में पिच पर बैठ गए और धीरे-धीरे उनकी हालत बिगड़ने लगी। उनके साथी खिलाड़ी तुरंत पहुंचे और उठाने का प्रयास करने लगे, लेकिन तब तक उनकी हालत बिगड़ चुकी थी। कुछ समय बाद विजय पटेल की मौत हो गई। दिल का दौड़ा पड़ने से मौत होने की बात कही जा रही है। मौत का लाइव वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।




हालांकि, विजय पटेल की मौत के पीछे की आधिकारिक वजह की पुष्टि अभी नहीं की गई है, लेकिन शुरुआती जांच के अनुसार उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से बताई जा रही है। पुलिस और मेडिकल टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।इस घटना ने जालना और क्रिकेट प्रेमियों को झकझोर कर रख दिया है। स्थानीय लोगों और खिलाड़ियों ने विजय पटेल की इस असामयिक मौत पर दुख जताया, जिसके बाद मैच को रद्द कर दिया गया। जालना पुलिस ने इस मामले में अपनी जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सटीक कारणों का पता चल सकेगा।

## मंदिर में दान पेटी से मिली फरियाद ने किया हैरान

### भाग्यवन्ती मंदिर में दान पात्र भर गया, जिसके बाद प्रबंधन ने हुंडी में चढ़ाई धनराशि की गिनती शुरू की

**कलबुर्गी (एजेंसी)।** कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में एक मंदिर से ऐसा मामला से एक ऐसा मामला सामने आया है जिससे हर कोई हैरानी में है। दरअसल यहां देवी के मंदिर में दान पेटी से एक नोट निकला है जिसमें किसी ने अपनी सास के मर जाने की मन्नत मांगी है। नोट में लिखी ऐसी फरियाद को पढ़कर मंदिर प्रबंधन के होश उड़ गए। आइए जानते हैं इस पूरे मामले के बारे में विस्तार से। ये चौंका देने वाली कर्नाटका के कलबुर्गी से सामने आई है। जिले के अफजलपुर तालुका के कातादरगी इलाके में भाग्यवन्ती मंदिर में दान पात्र भर गया, जिसके



बाद प्रबंधन ने हुंडी में चढ़ाई धनराशि की गिनती शुरू की। दान पेटी से 20 रुपये का एक नोट निकला। मंदिर की दान पेटी में मिले नोट पर फरियाद में लिखा है- %माँ, मेरी सास जल्द ही मर जाये।% आमतौर पर जब किसी मंदिर की दान पेटी खोली जाती है, तो मंदिर के राजस्व, या इतनी बड़ी राशि के संग्रह की खबर देना एक लोकप्रिय रिवाज है, लेकिन इस मंदिर इकट्ठा हुई रकम की बजाय एक 20 रुपये का नोट चर्चा का विषय बन गया है। जब मंदिर की दान पेटी खोली गई और उसमें से नोटों की गिनती की गई तो एक नोट में जो मन्नत भाग्यवन्ती देवी से मांगी गई थी उसने सभी को चौंका दिया। अब ये मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मंदिर की दान पेटी में गिनती में 60 लाख रुपये नकद, 1 किलो चांदी और 200 तोला सोने के आभूषण मिले, लेकिन 20 रुपये के नोट पर जो कुछ लिखा गया था सबका ध्यान सिर्फ उसी ओर गया। आम तौर पर लोग देवी देवताओं से अपने परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं लेकिन इस केस में इस अज्ञात महिला ने अपनी सास के मरने की कामना की है।

# सीईओ सिंह ने सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में सोमवार को सीएम हेल्पलाइन, समय-सीमा पत्रों और समाधान ऑनलाइन की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री ऋतुराज सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। श्री सिंह ने जनकल्याण अभियान के अंतर्गत शिविरों में हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। श्री सिंह ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में उपस्थित होकर विभाग सम्बन्धी योजनाओं का लाभ प्रदान करें। सीईओ श्री सिंह ने कहा कि जनकल्याण शिविरों में प्राप्त हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदनों की समीक्षा की एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित आवेदनों का निराकरण शीघ्र किया जाए। सीईओ श्री सिंह ने एपीसी की बैठक के लक्ष्यों में किसान क्रेडिट कार्डों, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी, मत्स्य, सहकारिता, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को कुल प्रेषित प्रकरणों को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम श्री सिद्धार्थ जैन सहित समस्त एडीएम, एसडीएम और अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।




## पतंगें बिजली लाइनों से दूर उड़ाने की अपील

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** आने वाले मकर संक्रांति के त्योहार के मद्देनजर बिजली कंपनी ने पतंगबाजी को बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से दूर रखने की अपील की है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने बताया कि पतंगों और उनके धागों के कारण बिजली की लाइनों में फॉल्ट हो सकता है, जिससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि हादसे का भी खतरा बना रहता है। प्रबंध संचालक ने स्पष्ट किया कि पतंगों में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची, दोनों ही बिजली की लाइनों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि पतंगबाजी करते समय सावधानी बरतें और लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा पोल से दूर पतंग उड़ाएं, ताकि मकर संक्रांति का त्योहार सुरक्षित और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। कंपनी ने यह भी चेतावनी दी है कि बिजली के तारों या पोल में फंसी पतंग को निकालने का प्रयास न करें। इसके अलावा, गिल्ली डंडे का खेल भी बिजली की लाइनों और डीपी से दूर खेलने का अनुरोध किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके और विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा न उत्पन्न हो।

## 30 हजार से अधिक प्रकरण मौके पर स्वीकृत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल जिले में 11 दिसम्बर से प्रारंभ हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 26 जनवरी 2025 तक चलने वाले मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में अब तक जिले में 170 शिविर आयोजित किए जा चुके है। जिनमें 42 हजार से अधिक आवेदन ऑनलाइन दर्ज किए गए हैं और 30 हजार से अधिक प्रकरणों को मौके पर ही स्वीकृत किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में जनपद बैरसिया में लगभग 4 हजार आवेदन प्राप्त हुए है इसमें से 2200 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जा चुका है। जनकल्याण अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की शत-प्रतिशत सेच्युरेशन चिन्हित हितग्राही योजनाओं में तथा लक्ष्य आधारित योजनाओं में हितलाभ प्रदान करना है। इसके लिए जिले में वंचित पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने के लिए घर-घर सर्वे कर चिन्हांकन एवं चिन्हित सेवाओं का शिविर के माध्यम से लाभ पहुँचाना सुनिश्चित करना है।

## भोपाल से गुजरने वाली ट्रेनों की टाइमिंग बदलेंगी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** 1 जनवरी 2025 से भोपाल से गुजरने वाली ट्रेनों के नंबर और टाइमिंग बदलने जा रहे हैं। रेलवे ने रानी कमला पति-जबलपुर एक्सप्रेस समेत 15 ट्रेनों का नया शेड्यूल जारी किया है। रेलवे नए साल में ट्रेनों की नई समय-सारणी लागू करेगा। भोपाल मंडल के विभिन्न स्टेशन पर गाड़ियों के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया, 1 जनवरी से लागू नई समय-सारणी अनुसार विभिन्न स्टेशन पर गाड़ियों के आगमन और प्रस्थान समय में आंशिक परिवर्तन होगा। वहीं, मंडल में अधिकांश गाड़ियों की औसत गति बढ़ने से समय की बचत होगी।

## अधिकारी-कर्मचारी निगम-मंडल एवं पेशनर्स संयुक्त मोर्चा का आंदोलन 15 को

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** कर्मचारियों की 52 सूत्रीय मांगों को लेकर शासकीय अधिकारी कर्मचारी निगम मंडल एवं पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा अब 15 जनवरी 2025 को आंदोलन का आगाज करेगा। मोर्चा ने अपरिहार्य कारणों से आंदोलन की तारीख में परिवर्तन किया है, पहले 6 जनवरी से आंदोलन किया जाना था। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष उदित भदोरिया, कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अरुण द्विवेदी ने बताया कि किसी कारण से आंदोलन की तारीख बदली गई है। संयुक्त मोर्चे के प्रदेश संयोजक प्रमोद तिवारी ने प्रदेश के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

## बिजली लाइनों के पास न उड़ाए पतंग

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आने वाले मकर संक्रांति के त्यौहार के मद्देनजर पतंगबाजी को बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से दूर रखने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पतंगों और उनके धागों के कारण बिजली की लाइनों में फॉल्ट हो सकता है, जिससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि हादसे का भी खतरा बना रहता है।पतंगों में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची, दोनों ही बिजली की लाइनों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि पतंगबाजी करते समय सावधानी बरतें और लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा पोल से दूर पतंग उड़ाएं, ताकि मकर संक्रांति का त्योहार सुरक्षित और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। विद्युत वितरण कंपनी ने यह भी चेतावनी दी है कि बिजली के तारों या पोल में फंसी पतंग को निकालने का प्रयास न करें। इसके अलावा, गिल्ली डंडे का खेल भी बिजली की लाइनों और डीपी से दूर खेलने का अनुरोध किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

## भोपाल में 1 जनवरी से बंद होगा संभावना ट्रस्ट क्लिनिक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल के संभावना ट्रस्ट क्लिनिक को 1 जनवरी से बंद करने का निर्णय लिया गया है। ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारी और गैस पीड़ितों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यदि क्लिनिक बंद होता है तो करीब 37 हजार गैस पीड़ितों को इलाज नहीं मिल सकेगा। ट्रस्ट ने फंड की कमी का हवाला देते हुए क्लिनिक बंद करने की घोषणा की है।

बताया जा रहा है कि एफसीआरए (फॉरैन कॉन्ट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट) के रिन्युअल की फाइल अटकने से ट्रस्ट को विदेशी फंड नहीं मिल रहा है। ट्रस्ट के जुड़े लोगों का कहना है कि फाइल फरवरी-23 से गृह मंत्रालय के एफसीआरए विंग के विदेशी प्रभाग के पास पेंडिंग है। ट्रस्ट का 2 मई 2001 को रजिस्ट्रेशन हुआ था, लेकिन इसे अक्टूबर-19 में गलत तरीके से रद्द कर दिया गया था। पुनर्विचार के लिए कई बार लेटर लिखे गए, लेकिन उन्हें नजर अंदाज कर दिया गया। इस कारण विदेशी फंड नहीं मिल पा रहा है और ट्रस्ट की आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गई है।

ट्रस्ट के क्लिनिक में कुल 51 कर्मचारी कार्यरत हैं। वर्तमान में 80 से 100 मरीज रोज क्लिनिक पर आते हैं। पैसों की कमी की वजह से डॉक्टर और कर्मचारियों की संख्या में कटौती की गई है। क्लिनिक में कुल 37 हजार गैस पीड़ित रजिस्टर्ड हैं। हाल ही में गठित यूनियन कार्बाइड जहर पीड़ित इलाज अधिकार मोर्चा के सदस्यों ने क्लिनिक को खुला रखने के लिए लाभार्थियों और कर्मचारियों के साथ शांतिपूर्ण अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इलाज अधिकार मोर्चा 1 जनवरी से क्लिनिक परिसर में धरना देगा। ट्रस्ट पिछले 28 साल से यूनियन कार्बाइड हादसे के पीड़ितों को मुफ्त और विशेष इलाज दे रहा है।

## वैभव मैरिज गार्डन भोपाल में श्रीराम कथा का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल के कोलार स्थित वैभव मैरिज गार्डन नयापुरा में आज से श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के पहले दिन विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जो राम जानकी मंदिर नयापुरा से आरंभ होकर कोलार रोड, ललिता नगर से होते हुए कथा स्थल वैभव मैरिज गार्डन, कोलार पहुंची। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग डीजे की धुन पर नाचते गाते शामिल हुए। कथा का आयोजन 30 दिसम्बर 2024 से 3 जनवरी 2025 तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। 3 जनवरी को कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा के आयोजक विश्वनाथ मीना और विक्रम मीना ने बताया कि कथा का वाचन पं. मानस पीयूष कपिल शर्मा करेंगे। इस आयोजन में सर्व मीणा समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश मीणा, ललेंद्र मीणा, अजय सिंह मीणा, मोहन प्रसाद मिश्रा, ताराचंद मारण, कैलाश मीणा सहित अन्य प्रमुख समाजजन मौजूद रहे।



## भोपाल के विज्ञान मेले में नगरीय विकास विभाग का स्टॉल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल के जम्बूरी मैदान में विज्ञान भारती एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से आयोजित विज्ञान मेले में बच्चों, युवाओं और नागरिकों को देश-दुनिया में विज्ञान के क्षेत्र में हो रही तरक्की की जानकारी आकर्षक मॉडल्स के माध्यम से दी जा रही है।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी के लिये विज्ञान मेले में स्टॉल लगाया है। स्टॉल में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मेट्रो, अमृत योजना और स्वच्छ भारत मिशन की जानकारी नागरिकों को दी जा रही है। स्टॉल में विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेव्हलपमेंट कम्पनी द्वारा स्कॉच अवार्ड से पुरस्कृत धर्मपुरी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का मॉडल प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत ग्वालियर में निर्मित की गयी कॉलोनी और नगर निगम भोपाल के बॉयो सीएनजी प्लांट सहित भानपुर खंती उद्यान का मॉडल भी प्रदर्शित किया गया है। स्टॉल पर मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड की परियोजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। विज्ञान मेले का समापन 30 दिसम्बर को दोपहर बाद होगा। विज्ञान मेले की शुरूआत 27 दिसम्बर को हुई थी।



## स्कूल शिक्षा विभाग में पिछले 3 वर्ष में 35 हजार शिक्षकों की हुई भर्ती

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश में सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये पिछले 3 वर्षों में करीब 35 हजार रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति की है। यह कार्यवाही नई शिक्षा नीति-2020 का बेहतर क्रियान्वयन करने के उद्देश्य से की गयी है। नियुक्त शिक्षकों में उच्च माध्यमिक शिक्षक 15 हजार, माध्यमिक शिक्षक 7726 और प्राथमिक शिक्षक 12 हजार 539 शामिल हैं। इस प्रकार 35 हजार 265 शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है। सरकारी स्कूलों में आवश्यकता अनुसार शिक्षकों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिये 20 हजार शिक्षकों को उच्च पद प्रभार और अतिशेष प्रक्रिया के अंतर्गत युक्ति-युक्तकरण में 17 हजार शिक्षकों को पारदर्शी प्रक्रिया को अपनाते हुए अन्यत्र स्थान पर पदस्थ किया गया है। नई शिक्षा नीति-2020 में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा दिलाये जाने की भी अनुशंसा की गयी है। इस बात को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में सरकारी स्तर पर 2383 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। इनमें 4 लाख विद्यार्थी दर्ज हैं। इन्हें कौशल उन्नयन के उद्देश्य से 14 प्रकार के ट्रेड में प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। प्रदेश की 798 हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कृषि संकाय और 465 हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कृषि ट्रेड संचालित हैं। स्टार्स प्रोजेक्ट के अंतर्गत 100 स्कूलों में नियमित छात्रों के साथ-साथ ड्रॉप-आउट विद्यार्थियों की भी व्यावसायिक शिक्षा प्रारंभ की गयी है।

कक्षा-9 में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत या उर्दू में से किसी एक भाषा का चयन एवं एक भाषा के स्थान पर तृतीय भाषा के स्थान पर विकल्प तथा कक्षा-11 में किसी भाषा के विकल्प के रूप में व्यावसायिक शिक्षा चयन का प्रावधान भी रखा गया है।

## भोपाल में लगे शिविरों में पहुंचे निगम कमिश्नर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत सोमवार को भोपाल के 7 वार्ड शिविर लगे। इन शिविरों में निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण यादव अचानक पहुंच गए। उन्होंने लोगों से पूछा कि शिविर में कोई दिक्कत तो नहीं आ रही। उन्होंने जिम्मेदारों से कहा कि शिविर में आने वाले लोगों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। निगम कमिश्नर यादव ने जोन-13 के वार्ड-55 में अमराई लगे शिविर का निरीक्षण किया। जोन प्रभारी नीलेश श्रीवास्तव से कमिश्नर ने शिविर के संबंध में जानकारी ली। साथ ही लोगों से उनके आवेदन और समस्याओं के बारे में पूछा। निरीक्षण के दौरान शिविर में कुल 549 आवेदन आए थे। कमिश्नर ने कहा कि इन आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया जाए। भोपाल जिले में 11 दिसंबर से शुरू हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 26 जनवरी तक चलने वाले अभियान में अब तक जिले में 170 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों में 42 हजार से अधिक आवेदन ऑनलाइन दर्ज किए गए हैं और 30 हजार से अधिक प्रकरणों को मौके पर ही स्वीकृत किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में जनपद बैरसिया में लगभग 4 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें से 2200 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जा चुका है।



## एक्सपर्ट की निगरानी में 337 टन जहरीले कचरे की पैकिंग

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के गोदाम में रखे 337 मीट्रिक टन जहरीले कचरे की पैकेजिंग एक्सपर्ट की निगरानी में की जा रही है। इसे 12 कंटेनर में भरकर देर रात 250यद्ब का ग्रीन कॉरिडोर बनाकर भोपाल से पीथमपुर ले जाया जाएगा। उधर, पीथमपुर में कचरे को जलाए जाने को लेकर प्रदर्शन हो रहा है। यहां के कई लोग दिल्ली रवाना हुए हैं। जहां वे दिल्ली में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। रविवार को एक्सपर्ट्स की मौजूदगी में कचरे को 12 कंटेनर में भरने की प्रोसेस शुरू हुई। हालांकि देर रात तक कचरा पीथमपुर के लिए रवाना नहीं किया जा सका। इस पूरी प्रक्रिया में कैंपस के अंदर जाने की मनाही है। 200 मीटर के दायरे को सील कर दिया है। रास्ते भी बंद किए गए हैं। कैंपस में 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात हैं। वहीं, कुल 400 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी, एक्सपर्ट्स और डॉक्टरों की टीम इस काम में जुटी है। गैस कांड के 40 साल बाद पीथमपुर इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट (रामकी) कंपनी के एक्सपर्ट्स की मॉनिटरिंग में ये कचरा 12 कंटेनर ट्रकों में भरा जा रहा है।



जहरीला कचरा भरते हुए विशेष सावधानी बरती जा रही है। हवा में यूनियन कार्बाइड गैस फैलने के कारण 1984 में 5 हजार से अधिक मौतें हुईं थी। इसीलिए यूका परिसर में 3 जगहों पर एयर क्वालिटी की मॉनिटरिंग के लिए उपकरण लगाए हैं। इनसे पीएम 10 व पीएम 2.5 के साथ नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाई ऑक्साइड आदि की जांच की जा रही है। कचरा जिस स्थान पर रखा है, उस इलाके की धूल भी कचरे के साथ जाएगी। यदि कहीं कचरा गिरा है तो उस जगह की मिट्टी को भी पीथमपुर ले जाया जाएगा। इस मिट्टी और धूल की भी टेस्टिंग होगी। जांचा जाएगा कि कहीं मिट्?टी भी तो जहरीली नहीं हुई?। अभी 337 टन जहरीला कचरा थैलियों में फैक्ट्री के अंदर रखा है। इसे खास जंबू बैग में पैक किया जा रहा है। ये एचडीपीई नॉन रिएक्टिव लाइनर के बने हैं। इनमें मटैरियल में कई रिएक्शन नहीं हो सकता। बैग में कचरा भरने के लिए 50 से अधिक लेबर लगे हैं। ये सभी पीपीई किट पहने हैं। ताकि कैमिकल के संपर्क में आने पर शरीर को नुकसान न हो। कंटेनर को भेजने से पहले यहां वजन होगा और पीथमपुर में पहुंचने पर वहां भी वजन किया जाएगा। पीथमपुर में कचरे को रखने के लिए लकड़ी का प्लेटफॉर्म बनाया गया है। यह प्लेटफार्म जमीन से करीब 25 फीट ऊपर बना है। इस कचरे को कब जलाना है, यह फैसला सीपीसीबी के वैज्ञानिकों की टीम करेगी। वही उसे जलाने की पूरी प्रक्रिया तय करेगी।

## सीधी से सिंगरौली हाईवे के निर्माण कार्य की गति बढ़ाएं : मुख्यमंत्री

# विकास कार्यों की प्रस्तावित कार्ययोजना में जनप्रतिनिधियों के सुझावों को शामिल करें : मुख्यमंत्री

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने संभागीय बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की विभागवार समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में विकास कार्यों को गति देने के लिए संभागीय बैठकें आयोजित की जा रही हैं। कमिश्नर और कलेक्टर विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की प्रस्तावित कार्ययोजना में जनप्रतिनिधियों के सुझावों को शामिल करें। चित्रकूट क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कार्ययोजना तैयार करें। प्रमुख सचिव चित्रकूट में जाकर जनप्रतिनिधियों के सुझाव के अनुसार कार्ययोजना बनाएं। वर्तमान में जो कार्य स्वीकृत हैं उनको तेजी से पूरा कराएं। कमिश्नर और कलेक्टर सतना चित्रकूट के विकास पर विशेष ध्यान दें। मैहर में माँ शारदा लोक निर्माण में मंदिर निधि और जनसहयोग को भी शामिल करें। संस्कृति विभाग और पर्यटन विभाग के अधिकारी शारदा लोक निर्माण के संबंध में समस्त कार्यवाहियाँ पूरी करके कार्य शुरू कराएं।






मुख्यमंत्री ने कहा कि सीधी से सिंगरौली हाईवे के निर्माण कार्य में प्रगति हुई है। लेकिन इसका अधिक तेजी से कार्य कराएं। मैहर शहडोल मार्ग में छोटी महानदी के क्षतिग्रस्त पुल में सुधार कार्य भी प्राथमिकता से कराएं। मऊगंज, रीवा, सीधी और सिंगरौली जिले को सिंचाई सुविधा देने के लिए स्वीकृत सीतापुर-हनुमना उद्वहन सिंचाई परियोजना में निर्माण कार्य शुरू करने के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। इस परियोजना का विस्तृत डीपीआर तैयार करें। मुख्यमंत्री ने सोन घड़ियाल अभ्यारण्य के डिनोटिफिक्रेशन के संबंध में कहा कि इसका प्रस्ताव भेजा जा चुका है। पर्यावरण तथा वन विभाग द्वारा इस पर कार्यवाही की जा रही है। मैहर और मऊगंज जिलों में विभागीय मद से संयुक्त जिला कार्यालय के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है। इस पर शीघ्रता से कार्यवाही करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कमिश्नर रीवा क्षेत्र का भ्रमण करके विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें। कलेक्टर सतना चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में निर्धारित भूमिका के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें। विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण कार्यों में पर्यावरण तथा वन विभाग की स्वीकृति समय पर जारी करें। मुख्यमंत्री ने बगदरा गो वन्य विहार निर्माण, सिंगरौली में सड़क निर्माण तथा सिंचाई परियोजनाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी छात्रावासों का नियमित रूप से निरीक्षण कर विद्यार्थियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सतना जिले में बगदरा घाटी में गौ वन्य विहार निर्माण, महानदी में क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत, सिंगरौली जिले के सरई में बाईपास निर्माण, सीधी-सिंगरौली हाईवे निर्माण एवं सीतापुर-हनुमना सिंचाई परियोजना के संबंध में सुझाव दिए। सांसद सीधी डॉ राजेश मिश्रा, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक तथा विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम ने सीधी-सिंगरौली रेलवे लाइन निर्माण, सीधी-सिंगरौली हाईवे निर्माण, गोड़ सिंचाई परियोजना तथा देवसर क्षेत्र में सीमेंट फैक्ट्री निर्माण का सुझाव दिया। सांसद रीवा जनार्दन मिश्र ने सोहागी घाटी में सुधार तथा विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने चित्रकूट में सड़कों के निर्माण, गेस्टहाउस निर्माण चित्रकूट नगर के विकास की कार्ययोजना तथा पर्यटन विकास के संबंध में सुझाव दिए। विधायक अमरपाटन डॉ राजेन्द्र सिंह ने जलजीवन मिशन से अमरपाटन तथा रामनगर परिषद एवं औद्योगिक क्षेत्र को पानी की आपूर्ति, रामनगर माइक्रो सिंचाई परियोजना का कार्य पूरा कराने तथा मैहर जिले के कुछ जिला स्तरीय कार्यालय अमरपाटन में स्थापित करने का सुझाव दिया। विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने कलेक्ट्रेट भवन निर्माण के संबंध में सुझाव दिए।

बैठक में कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने संभागीय बैठकों के निर्णयों तथा पालन प्रतिवेदन की विभागवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक आठ संभागीय बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। इनमें 58 बिन्दुओं में पारित प्रस्तावों और निर्णयों में से 43 पर आंशिक रूप से कार्यवाही पूरी कर ली गई है। शेष सभी निर्देशों संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। चितरंगी में कालेज में समाजशास्त्र, गृह विज्ञान और वाणिज्य संकाय की कक्षाएं अगले सत्र से शुरू होंगी। चित्रकूट के विकास के लिए दो कार्ययोजनाएं तैयार कर ली गई हैं। संभागीय निर्णय के परिपालन में रीवा में अनुसूचित जाति और जनजाति के दो छात्रावास किराये के भवनों में शुरू कर दिए गए हैं। इनके भवन निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है। सिंगरौली नगर निगम क्षेत्र में सड़क तथा नाली निर्माण के प्रस्ताव खनिज मद से प्रस्तावित कर दिए गए हैं। सीधी से सिंगरौली रेलवे लाइन के भू अर्जन के प्रस्ताव 31 जनवरी तक निराकृत कर दिए जाएंगे। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के सांसद, विधायक तथा जिला पंचायत अध्यक्ष शामिल हुए।

कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से सांसद सीधी डॉ राजेश मिश्रा, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, अध्यक्ष नगर परिषद मझौली शंकर लाल गुप्ता, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, संयुक्त संचालक संजय टाइगर रिजर्व राजेश कन्ना टी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी सिहावल एसपी मिश्रा, कुसमी सुप्रिया पाठक, मझौली आरपी त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारी शामिल रहे।

## समय-सीमा बैठक सम्पन्न

### संतुष्टि पूर्वक शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करायें : कलेक्टर सोमवंशी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने निर्देशित किया है कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा कर संतुष्टि पूर्वक निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के लिए विभागीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें तथा निगरानी तंत्र को व्यवस्थित करें। कलेक्टर ने कहा कि जिन विभाग प्रमुखों की परफॉर्मेंस डी ग्रेड में है विभाग प्रमुख शिकायतों को स्वयं विशेष रूप से देखकर समय सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण दर्ज कराए। विकासखंड स्तर पर एसडीएम सीईओ जनपद तथा संबंधित विभागों के साथ बैठक करके शिकायतों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को गंभीरता से लें और समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण दर्ज करे। उन्होंने कहा कि जो विभाग सी एवं डी ग्रेड में है वह अगले हफ्ते तक बी में आने का प्रयास करें।

कलेक्टर ने समाधान ऑनलाइन में चयनित विषयों तथा 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने हितग्राहियों के हितलाभ वितरण तथा भुगतान संबंधी शिकायतों के निराकरण को गंभीरता से दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने धान उपार्जन के कार्य की विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में भंडारित धान का परिवहन शीघ्रता से करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। कलेक्टर ने कहा कि आगामी दिवसों में बारिश की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए उपार्जित धान के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को छात्रावासों का नियमित रूप से निरीक्षण कर विद्यार्थियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी सिहावल एस.पी. मिश्रा, कुसमी प्रिया पाठक, मझौली आर.पी. त्रिपाठी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अन्य खण्डस्तरीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने किया विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी का सम्मान



**मीडिया ऑडीटर, नईगढ़ी निप्र।** मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष आर डी शर्मा एवम प्रदेश सचिव दीपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आगामी 31 दिसंबर को अपनी सेवा पूर्ण कर रहे ब्लॉक नईगढ़ी के विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रामशुशील वर्मा को शाल, श्रीफल, डायरी पेन एवम् स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष आर डी शर्मा ने विकाश खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यकाल को उत्कृष्ट बताया साथ ही ये भी कहा कि वर्मा जी बहुत मददगार अधिकारी थे। प्रदेश सचिव दीपेन्द्र सिंह ने कहा कि नईगढ़ी ब्लॉक के संचालक साथियों से आप की बढ़ाई सुनी थी, सच में आप जैसा अधिकारी मिलना सौभाग्य की बात होती है, आप सेवा निवृत्त होकर जिस भी क्षेत्र में काम करेंगे निश्चित तौर पर वह काम उत्कृष्ट होगा।

कार्यक्रम में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन नईगढ़ी के ब्लॉक अध्यक्ष हर्ष नारायण मिश्रा, शिव विशाल यादव, नीलेश मिश्रा, राकेश मिश्रा आदि कई संचालक उपस्थित रहे।

### आदिवासी विकास विभाग सहायक आयुक्त ने किया निरीक्षण

## जिला मुख्यालय के कई छात्रावासों के वार्डन को दिए जरूरी दिशा-निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के कुसमी आदिवासी विकास विभाग सीधी के सहायक आयुक्त डी.के द्विवेदी ने सोमवार को कुसमी पहुंच गये। उन्होंने शासकीय आदिवासी उत्कृष्ट सीनियर बालक छात्रावास कुसमी और शासकीय आदिवासी बालक आश्रम अंग्रेजी माध्यम कुसमी के साथ-साथ मुख्यालय के कई छात्रावासों मे पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। साथ ही अधीक्षकों को उन्होंने दिशा-निर्देश दिए हैं।

सहायक आयुक्त ने छात्रों से उनके रहन-सहन और खानपान से संबंधित जानकारी ली। इस दौरान उन्हें व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चलती मिली। कई विषयों पर उन्होंने अधीक्षकों को दिशा-निर्देश दिए हैं। उनके साथ में कुसमी के बीआरसीसी अंगिरा प्रसाद द्विवेदी और कुसमी विद्यालय के कई शिक्षक थे।

## व्यक्ति ने खाया जहर, दूध बेचने घर से बाजार गया था, गंभीर हालत में रीवा हुआ रेफर

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के चुरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव भेलकी में एक व्यक्ति ने जहरीले पदार्थ का सेवन करके आत्महत्या का प्रयास किया है। घटना सोमवार सुबह 10 बजे का है। व्यक्ति की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। जहां से हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रीवा संजय गांधी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दरअसल, देवीनाथ पटेल (40) निवासी भेलकी ने सोमवार सुबह कीटनाशक दवा का सेवन कर सुसाइड करने का प्रयास किया था।



हालत बिगड़ने के बाद देवीनाथ पटेल को परिजन नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे थे। जहां पर उन्हें डॉक्टरों ने संजय गांधी अस्पताल रीवा के लिए रेफर कर दिया था। बताया जा रहा है कि देवीनाथ पटेल घर से चुरहट बाजार दूध बेचने के लिए गए थे। जिसके बाद घर लौटते समय रास्ते में जहर का सेवन कर लिए थे। जिससे घर पहुंचने उनकी हालत बिगड़ गई।

वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरहट के डॉ. गौरव पाण्डेय ने बताया है कि ग्राम भेलकी 820 निवासी देवीनाथ पटेल, उम्र लगभग 40 वर्ष ने कीटनाशक का सेवन करने की वजह से भर्ती कराया गया था। जिन्हें प्राथमिक उपचार के उपरांत रीवा के लिए रेफर किया जा चुका है। और चुरहट थाना पुलिस को मामले कि जानकारी भेज दी गई है।

थाना प्रभारी चुरहट पुष्पेंद्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया है कि देवी नाथ पटेल ने सिर्फ इतना बताया कि हमने सल्फास कीटनाशक की गोली खाई है लेकिन उन्होंने कारण नहीं बताया कि आखिर उन्होंने किस वजह से इस जहर का सेवन किया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## जमीनी विवाद में मारपीट, एक घायल, परिवार के 4 लोगों ने मिलकर मारा, 18 डेसिमल जमीन के लिए झगड़ा

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिले के जमोड़ी थाना अंतर्गत ग्राम डेम्हा में सोमवार को एक व्यक्ति के साथ चार लोगों ने लाठी और डंडे मारपीट कर दी। इससे उसका हाथ फैक्चर हो गया। घायल धर्मराज साकेत का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, धर्मराज अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी उनके ही परिवार के रहने वाले चार लोगों ने उनकी लाठी और डंडों से पिटाई कर दी। पीड़ित ने बताया कि रामनारायण साकेत, रामनरेश साकेत, रामकृपाल साकेत, सुंदरलाल साकेत ने लाठियां से मुझे मारा है। परिजन बेहोशी की हालत में



मुझे जिला अस्पताल लेकर आए हैं।

**18 डेसिमल जमीन के लिए झगड़ा :** धर्मराज साकेत ने कहा कि जिस जमीन में हमारा मकान बना था। वह जमीन 18 डेसिमल है। जहां मेरी जमीन पर दूसरे लोग कब्जा कर रहे थे। इसकी शिकायत मैंने पहले भी तहसीलदार से की थी। लेकिन मेरे परिवार के अन्य लोग नहीं मान रहे थे और जबरन झगड़ा कर रहे थे। इसीलिए मैंने उस जमीन पर स्टे ले लिया था। मेरे नाम से इसका पट्टा भी दर्ज है। जमोड़ी थाना प्रभारी विशाल शर्मा ने बताया कि मारपीट का मामला आया है। जांच की जा रही है। पीड़ित से आवेदन लिया है।

### सोन घड़ियाल अभ्यारण क्षेत्र, संजय दुबरी राष्ट्रीय उद्यान व टाईगर रिजर्व क्षेत्र, कोरजोन, बफरजोन तथा चिन्हित ईको सेंसिटिव जोन के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** अपर कलेक्टर ने आदेश जारी कर सोन घड़ियाल अभ्यारण क्षेत्र सीधी, संजय दुबरी राष्ट्रीय उद्यान व टाईगर रिजर्व क्षेत्र सीधी, कोरजोन एवं बफ्फरजोन तथा चिन्हित ईको सेंसिटिव जोन, अतिसंवेदनशील वन्यप्राणी बाहुल्य क्षेत्र को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत संरक्षित क्षेत्र के समीप वैवाहिक कार्यक्रम, जुलूस, रैली, धरना प्रदर्शन, खेल प्रतियोगिता, पटाखें, पार्टी, टीव्ही, एल.सी.डी. या चलित वाहन आदि में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग दिनांक 30 दिसम्बर प्रातः 12 बजे से 05 जनवरी शाम 05 बजे तक पूर्णः प्रतिबंधित किया है।

साथ ही इस अवधि के दौरान उक्त क्षेत्र में सड़क परध्जंगलध्नदी के समीप किसी भी प्रकार की अनाधिकृत गतिविधि/ उपद्रव/ पार्टी/ शराब पीकर गाड़ी चलाने/10 से अधिक व्यक्तियों का जमावड़ा पाये जाने अथवा किसी भी प्रकार की गतिविधि जिससे आमजन तथा सैलानियों को असुविधा/समस्या हो अथवा वन प्राणियों के दैनिक क्रियाकलाप पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े अथवा किसी भी प्रकार से कानून एवं शांति व्यवस्था को बाधित किया गया है तो भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 जनवरी को नये वर्ष का पर्व मनाया जाना है। जिला सीधी के अनुविभाग सिहावल सोन घड़ियाल अभ्यारण क्षेत्र अंतर्गत एवं कुसमी तथा मझौली संजय दुबरी राष्ट्रीय उद्यान व टाईगर रिजर्व क्षेत्र सीधी, कोर जोन एवं बफ्र जोन तथा चिन्हित ईको सेंसिटिव जोन, अतिसंवेदनशील वन्य प्राणी बाहुल्य क्षेत्र के अंतर्गत आता है। वन्यप्राणियों के दैनिक क्रियाकलाप एवं मानसिक संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े एवं यहां के आमजन की दैनिक गतिविधियां, आसपास लोगों तथा विदेश से आये सैलानियों को कोई असुविधा या समस्या न हो, को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक है।

## दो तेज रफ्तार कार आपस में टकराई, पांच लोग हुए घायल

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले के खुटार चौकी के हरैया गांव के पास सोमवार दोपहर दो कारों के बीच में सीधी टक्कर हो गई। जिसमें पांच लोग घायल हो गए। दो लोगों की हालत गंभीर है। सभी को इलाज के लिए बैढ़न के ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। घटना सोमवार दोपहर दो बजे की है।

खुटार चौकी प्रभारी साहेब लाल सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि हरैया गांव के पास दो कारों में भिड़ंत हो गई है। घायल वहीं सड़क पर पड़े हुए हैं। हम टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा है। घटना में डिजायर कार क्रमांक यूपी 64 एएच 9336 और बोलेरो वाहन क्रमांक यूपी 64 एजेंड 1591 के बीच सीधी टक्कर हुई है।

## विकास खंड स्तरीय दिव्यांग चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** राज शिक्षा केंद्र एवं जिला शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार 31 दिसंबर को शासकीय मार्तंड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में रीवा विकासखंड स्तर का शिविर का आयोजन प्रातः 10 से 5 बजे तक किया गया है। चिकित्सा शिविर में जबलपुर की एलिम्को टीम द्वारा छात्रों की आवश्यकता अनुसार चिकित्सीय उपकरण प्रदान किए जाएंगे। साथ ही जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा कक्षा 1 से 8 तक अध्यनरत दिव्यांग छात्रों के प्रमाण पत्र भी बनाए जाएंगे। इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी रीवा को नोडल बनाया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विकासखंड स्त्रोत समन्वयक रीवा और एमआरसी प्रभाकर सिंह, पिंकी पटेल ने सभी शाला प्रभारी से इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु छात्रों को शिविर में उपस्थित कराने की अपील की है।

# नालसा द्वारा संचालित विधिक सेवा ईकाई-मनोन्याय एलएसयूएम समिति सदस्यों का प्रशिक्षण आयोजित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के द्वारा नालसा (मानसिक विकलांगता वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2024 का गठन किया गया है। उक्त समिति के सदस्यगण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के मार्गदर्शन में सोमवार दिनांक 30 दिसम्बर को ए.डी.आर. सेंटर भवन में किया गया।




उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ रवि पटेल ने बताया कि मानसिक विकलांग व्यक्ति को कैसे पहचाने एवं व्यक्ति किस मानसिक बीमारी से ग्रस्त है उनको पहचानना और उनके प्राथमिक उपचार व काउंसलिंग एवं इलाज हेतु प्रेरित करने के बारे में जानकारी प्रदान की।

जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला ने नालसा द्वारा संचालित विधिक सेवा ईकाई-मनोन्याय एल.एस.यू.एम. (लीगल सर्विसेज टु पर्सन्स विथ मेन्टल इलनेस एंड पर्सन्स विथ इंटेलेक्चुअल डिसबिलिटीज) के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। शुक्ला ने उपस्थित सदस्यगण को कमेटी के सदस्य के रूप में अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल बाबूलाल सिंह, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल सत्यप्रकाश पाण्डेय, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल ऋषभ सिंह, अधिवक्ता रामशरण दुबे, अवनीन्द्र कुमार पाठक, सतीश कुमार उर्मलिया, विजय चन्द्र गौतम, इन्द्रजीत कुशवाहा, श्याम कार्तिक पाण्डेय, पैरालीगल वॉलेंटियर्स शैलजा मिश्रा, अरविंद कुमार पटेल, शिप्रा सिंह बघेल, प्रेमिका पाण्डेय, शुभम सिंह, अनिल कुमार गुप्ता, संदीप कुमार तिवारी, गजाधर प्रसाद तिवारी, पियुष मिश्रा सहित जिला प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म. प्र.)**

क्रमांक 4787/न.पा.नि./राजस्व/2024-25 रीवा, दिनांक 27/12/2024

**अचल सम्पत्ति नामांतरण विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की योजना क्रमांक-8 नेहरू नगर रीवा जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में स्थित एल.आई.जी. भवन क्रमांक 3/5/257 क्षेत्रफल 794.00 वर्गफिट श्री महेन्द्र सिंह परिहार पिता स्व. श्री बद्री सिंह परिहार को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, श्री महेन्द्र सिंह परिहार पिता स्व. श्री बद्री सिंह परिहार उक्त भवन का श्रीमती रंजना सिंह पति श्री देवमणि पटेल निवासी ग्राम वुडवा पो. गोरगांव 165 तह. रायपुर कर्चु. जिला रीवा (म.प्र.) के नाम नामान्तरण किये जाने हेतु दिनांक 14.11.2024 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त एल.आई.जी. भवन क्रमांक 3/5/257 के नामांतरण में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात आवेदक श्री महेन्द्र सिंह परिहार पिता स्व. श्री बद्री सिंह परिहार निवासी नेहरू नगर रीवा (म.प्र.) के आवेदन अनुसार एल.आई.जी. भवन क्रमांक 3/5/257 का नामांतरण श्रीमती रंजना सिंह पति श्री देवमणि पटेल निवासी ग्राम वुडवा पो. गोरगांव 165 तह. रायपुर कर्चु. जिला रीवा (म.प्र.) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

**उपायुक्त ( राजस्व )**
**नगर पालिक निगम रीवा ( म.प्र. )**

## विचार

# दूरगामी लाभ का निर्णय है जिलों की समाप्ति का निर्णय

**राजनीतिक लाभ हानि से जुड़े निर्णयों को बदलना किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के लिए जोखिम से कम नहीं होता। इस तरह के निर्णय करने में सरकारों को काफी संकोच करना पड़ता है क्योंकि किसी भी निर्णय को बदलते समय राजनीतिक गुणाभाग देखा जाता है और यही कारण है कि कई निर्णय ऐसे होते हैं जिनके लाख चाहने और प्रशासनिक दृष्टि से सही नहीं होने पर भी सरकारें ढ़ोये जाती है। इस मायने में राजस्थान की सरकार की सराहना करनी पड़ेगी कि राजनीतिक दृष्टि से निर्णय लेना मुश्किल व जोखिम भरा होने के बावजूद मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पूर्व सरकार के समय के जिले बनाने के निर्णय का परीक्षण कर 9 जिले और 3 संभाग समाप्त करने का निर्णय लेने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। अब प्रदेश में 41 जिले और 7 संभाग रह गए हैं। दूदू, केकड़ी, शाहपुरा, नीम का थाना, अनूपगढ़, गंगापुरसिटी, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर ग्रामीण और सांचौर जिला और बांसवाड़ा, सीकर और पाली संभाग को समाप्त करने का निर्णय ले लिया। निश्चित रुप से शुरुआत में इसका विरोध होगा, राजनीति से जुड़े लोगों द्वारा हवा भी दी जाएगी पर जब कोई दूरगामी जनहित का निर्णय लिया जाता है तो देर सबेर जनता उसे स्वीकार्य भी कर लेती है। राज्य सरकार द्वारा यही निर्णय नई सरकार बनते ही लिया जाता तो उसके मायने कुछ अलग होते और उस पर राजनीतिक द्वेषता का ठप्पा लगता वह अलग होता। आज भले ही विपक्ष द्वारा इस निर्णय पर प्रश्न उठाये जा रहे हो पर सही मायने में देखा जाए तो यह पूरी तरह से प्रशासनिक निर्णय है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पूर्व सरकार के नए जिले बनाने के निर्णय का परीक्षण करने के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डा. ललित पंवार की अध्यक्षता में समिति गठित कर परीक्षण करवाया और फिर राजनीतिक स्तर पर मंत्रीमण्डलीय समिति बनाकर सभी पक्षों का अध्ययन कर रिपोर्ट आने पर मंत्रीमण्डल की बैठक में मोहर लगाई गई। इसलिए एक बात तो साफ हो जानी चाहिए कि यह निर्णय किसी भी मायने में जल्दबाजी या राजनीतिक लाभ के लिए ना होकर पूरी तरह से प्रशासनिक दक्षता के लिए लिया गया निर्णय है। ना ही इसे जल्दबाजी में लिया निर्णय कहा जा सकता है। हांलाकि पूर्व सरकार ने नए जिले बनाने के लिए भले ही प्रशासनिक कमेटी बनाकर रिपोर्ट प्राप्त कर नए जिले बनाने का निर्णय किया पर यह सब अच्छी तरह से साफ हो जाना चाहिए कि चुनाव नजदीक होने के कारण पूर्व सरकार द्वारा नए जिले बनाने के निर्णय को आमलोगों ने पूरी तरह से राजनीतिक निर्णय के रुप में ही देखा गया।**

# प्रधानमंत्रियों के अंतिम संस्कार और स्मारक के लिए अपनाए गए दोहरे मापदंड पर खुद घिरी कांग्रेस

**कमलेश पांडे**

**पहले पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिहाराव और अब पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और उनके स्मारक को लेकर जो घिनौनी राजनीति %कांग्रेस परिवार% खासकर नेहरू-गांधी परिवार ने शुरू की है, वह बेहद लज्जाजनक और भारतीय राजनीति पर किसी काले धबे की मानिंद है। इससे देश का सापक्ष, विपक्ष और जनमानस सभी शर्मसार हुए हैं। दरअसल, कांग्रेस व विपक्षी दल के कई नेता चाहते थे कि डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार राजघाट के पास किया जाए और वहीं पर उनका समाधि स्थल भी बनवाया जाए। जबकि केंद्र सरकार ने डॉटर मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर किए जाने का फैसला लिया और बाद में उनका स्मारक बनवाए जाने की बात कही। इसी मसले पर सियासत शुरू हो गई।**





वहीं, इस मसले पर अबतक हुए सियासी वार-पलटवार में भाजपा से ज्यादा कांग्रेस घिर चुकी है। क्योंकि अब आईना दिखाया जा रहा है कि प्रधानमंत्रियों के अंतिम संस्कार और स्मारक के लिए खुद कांग्रेस के नेतृत्व वाली मनमोहन सरकार ने ही दोहरे मापदंड अपनाए थे। जबकि वह नाहक ही इस मसले पर भाजपा को घेर रही है ताकि फरवरी 2025 में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों में उसे इसका भावनात्मक लाभ मिल सके।

ऐसे में सवाल यह भी उठ रहे हैं कि क्या नेहरू-गांधी परिवार के इशारे पर भारत सरकार फैसले लेगी या फिर कोई स्वस्थ परम्परा शुरू करेगी। वहीं, इस मसले पर राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति में भी भेद नहीं होना चाहिए, क्योंकि उपराष्ट्रपति राज्यसभा का सभापति भी होता है। बताया गया है कि राजघाट पर स्मारक के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री और विशिष्ट योगदान देने वाले लोगों की चर्चा तो है, लेकिन उसमें उपराष्ट्रपति का पद शामिल नहीं है। यह हैरतअंगेज है।

सवाल है कि पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हाराव को मरणोपरांत समुचित पार्टीगत सम्मान व स्मारक हेतु दिल्ली में स्थान नहीं देने का आरोपी %कांग्रेस परिवार% अब किस मुंह से पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के लिए मरणोपरांत अंत्येष्टि व स्मारक हेतु राजघाट, दिल्ली में स्थान मांग रहा है और इसे नहीं देने का आरोप %बीजेपी परिवार% पर लगा रहा है, जबकि एनडीए के नेतृत्व वाले मोदी सरकार की ऐसी कोई नकारात्मक मंशा नहीं है। इस बावत हुए सरकारी पत्राचार और बयानबाजियां इस बात की पुष्टि कर रही हैं। बता दें कि अपने ही पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हाराव को मरणोपरांत समुचित पार्टी स्तरीय सम्मान व स्मारक हेतु दिल्ली में स्थान नहीं देने के लिए जो तत्कालीन मनमोहन सरकार दोषी थी, अब उसी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधनोपरांत निगमबोध घाट पर हुई उनकी अंत्येष्टि क्रिया करवाए जाने व उनके स्मारक के लिए राजघाट पर अपेक्षित स्थायी जगह नहीं दिए जाने के आरोप मढ़कर कांग्रेस पार्टी भाजपा नीत राजग गठबंधन की मोदी सरकार को दोषी ठहरा रही है। जबकि ऐसा करने से पहले उसे खुद

इस मुद्दे पर पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव के भाई मनोहर राव ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस को 20 वर्ष पीछे मुड़कर देखना चाहिए कि उन्होंने अपने नेता पीवी नरसिंह राव को कितना सम्मान दिया। तब सोनिया गांधी उनके अंतिम संस्कार में शामिल तक नहीं हुई थीं। एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उनके लिए एक भी प्रतिमा का निर्माण नहीं किया या उन्हें भारत रत्न नहीं दिया। हालांकि, आप अपनी औपचारिकताएं पूरी करें, तब बीजेपी निश्चित रूप से डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए भूमि देगी। वहीं, सियासी हद तो यह है कि कांग्रेस इसे अल्पसंख्यक पंजाबी समुदाय विरोधी कृत्य बताते हुए डॉ मनमोहन सिंह का अपमान करार दे रही है, जो पूर्णतया सही नहीं है। इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने से पहले उसे अपने गिरेबां में झांककर देखना चाहिए। उसने अपने ही पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिंहराव के साथ जो सुलूक किया, वैसा उदाहरण विरले ही मिलता है। वहीं, हैरत की बात तो यह भी है कि कांग्रेस द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव को नजदीक देखकर इस पूरे घटनाक्रम से सिखों को भावनात्मक रूप से जोड़ने का प्रयास किया गया और निगम बोध घाट पर डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार को सिखों का अपमान बताया गया। जबकि इससे उसे कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलने वाला है, क्योंकि दिल्ली के सरदार 1984 के सिख विरोधी दंगों को नहीं भूले हैं। इसी की भरपाई के लिए उसने डॉ मनमोहन सिंह को पीएम तक बनाया, लेकिन पंजाबी समुदाय के लोकप्रिय नेता के रूप में वो अपनी छवि नहीं गढ़ सके। क्योंकि कांग्रेस आलाकमान ने उन्हें कभी फ्री हैंड नहीं दिया! आलम यह है कि इस मुद्दे पर कांग्रेस को आप और अकाली दल शिरोमणि के नेताओं का भी साथ मिल गया है, जिनका दिल्ली से लेकर पंजाब की सियासत पर अपना वर्चस्व है। इन दोनों दलों ने भी केंद्र सरकार पर सिखों के अपमान का आरोप लगाया है। हालांकि ऐसा सिर्फ इसलिए कि दिल्ली में लगभग 4 प्रतिशत सिख मतदाता हैं, जिसमें राजौरी गार्डन व तिलक नगर जैसे विधानसभा क्षेत्रों में इनकी आबादी 35 प्रतिशत है, जबकि हरि नगर जैसे विधानसभा क्षेत्र में उनकी संख्या 17 प्रतिशत से अधिक है।

वहीं, नई दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र में आने वाले कई विधानसभा क्षेत्रों में भी पंजाबी समुदाय की अच्छी संख्या है। जानकार बताते हैं कि पहले कांग्रेस व भाजपा-अकाली गठबंधन में सिख मतों का बंटवारा होता था। लेकिन अब भाजपा व अकाली अलग हो गए हैं जिससे उनका विभाजन संभव है। चूंकि, कांग्रेस की पकड़ भी सिख मतों पर कमजोर हुई है। इसलिए आप को इसका फायदा मिल सकता है। पिछले दोनों विधानसभा चुनाव व दिल्ली नगर निगम चुनाव में आप को सिखों का अच्छा समर्थन मिला था, लेकिन लोकसभा चुनाव में सिख बहुल क्षेत्रों में भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

इसलिए इन सभी दलों के सामने सिखों को अपने साथ जोड़ने की चुनौती है। जबकि भाजपा ने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली सहित दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कई सदस्यों को अपने साथ जोड़कर सिखों को अपने साथ जोड़ने में लगी हुई है। इससे आप के साथ ही कांग्रेस व अकाली दल परेशान है। तीनों पार्टियों के बीच दिल्ली के साथ ही पंजाब के सिखों को भी अपने साथ जोड़ने की चुनौती है।

उल्लेखनीय है कि फरवरी 2025 के पहले सप्ताह में दिल्ली विधानसभा चुनाव है, जिसके चलते भाजपा विरोधी राजनीतिक पार्टियां इसे सिख समुदाय का अपमान बताते हुए इसे मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही हैं। वहीं, भाजपा ने भी इनकी सियासी मानसिकता पर पलटवार किया है, जिसे लेकर राजनीति के और अधिक तेज होने की अटकलें लगाई जा रही है। एक तरफ जहां कांग्रेस, आप और अकाली दल शिरोमणि के नेता डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के अगले दिन से ही बयानबाजी शुरू कर दी है। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा भी मुखर होकर कांग्रेस पर घटिया राजनीति करने के आरोप लगा रही है। दु:ख के जिस क्षण में कांग्रेस ने इस मुद्दे को सुलगाया, उससे उसका पीवी नरसिम्हाराव वाला जख्म ही जनमानस में हरा हो गया। इससे भाजपा की मोदी सरकार को भी आईना दिखाने का मौका मिल गया।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेस के अन्य बड़े नेता केंद्र सरकार व भाजपा पर सिखों के अपमान का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा है कि डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और स्मारक के लिए स्थान न ढूंढना भारत के पहले सिख प्रधानमंत्री का जानबूझकर किया गया अपमान है। वहीं, गत बृहस्पतिवार को कांग्रेस को आइएनडीआइए से बाहर निकलवाने की धमकी देने वाले आप नेता भी भाजपा विरोधी बयानबाजी में पीछे नहीं हैं। आप सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर मनमोहन सिंह भारत रत्न देने की मांग की। वहीं, निगम बोध घाट पर उनके अंतिम संस्कार के निर्णय को अरविंद केजरीवाल सहित अन्य आप नेता सिख समुदाय का अपमान बता रहे हैं।

# सकारात्मकता व कुदरत का सान्निध्य देंगे समृद्धि

**रेनू सैनी**

विभिन्न देशों की संस्कृति, वहां के परिवेश और लोकाचार के अनुरूप होती है। जिन देशों की संस्कृति जितनी अधिक समृद्ध होती है, वे आर्थिक एवं सामाजिक रूप से उतने ही अधिक संपन्न होते हैं। जापान एक ऐसा देश है जहां के लोग लंबा जीवन तो जीते ही हैं, इसके साथ-साथ वे विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक रहते हैं। कई जापानी अवधारणाएं प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को बदलने की सामर्थ्य रखती हैं। 'मनेकी नेको' भी एक ऐसी ही अवधारणा है। जापानी में नेको शब्द का अर्थ है, बिल्ली और मनेकी का अर्थ होता है, 'किसी को निमंत्रित करना।' अगर इन दोनों शब्दों को मिला दिया जाए तो 'मनेकी नेको' का अर्थ हुआ, 'बिल्ली लोगों को अंदर आने का न्योता दे रही है।' अथवा 'बिल्ली लोगों को अपनी ओर बुला रही है।' इस आकृति का मूल, ईदो युग के एक प्रसंग से जोड़ा जाता है। वह प्रसंग इस प्रकार है कि एक बिल्ली हमेशा टोक्यो के पश्चिम में स्थित एक मंदिर के आंगन में, बड़े से पेड़ के सामने मुंह करके बैठी रहती थी। पेड़ आंगन से दूर था। एक दिन भयंकर तूफान आ रहा था। एक यात्री तूफान में भीगता हुआ आया और उस पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। उसे सामने से वही बिल्ली हाथ हिला-हिला कर अपनी ओर बुलाने का संकेत करती रही। यह देखकर यात्री असमंजस में पड़ गया कि आखिर यह बिल्ली इतने तूफान में मुझे अपनी ओर आने का संकेत क्यों कर रही है? खैर! यात्री बिल्ली के आमंत्रण पर उस पेड़ से भागकर उसकी ओर आ गया। जैसे ही वह बिल्ली के पास पहुंचा तो अचानक भयंकर गर्जना हुई। यात्री ने पीछे मुड़कर देखा तो दंग रह गया कि जिस पेड़ के नीचे वह खड़ा था, उस पेड़ पर बिजली गिर गई थी। वह पेड़ जलकर राख हो गया। पेड़ के साथ-साथ उसके इर्द-गिर्द की हर चीज भी जलकर राख हो गई थी। अब तो यात्री की सांस ऊपर की ऊपर रह गई। उसकी आंखों से आंसू बह निकले। उसने बिल्ली को अपनी गोद में उठाया और नम आंखों से उसका आभार व्यक्त किया। बस तभी से एक हाथ हिलाती बिल्ली हर घर, आंगन और व्यवसाय का शुभ प्रतीक बन गई। आज अक्सर कई दुकानों में यह बिल्ली हाथ हिलाती हुई नज़र आती है।

मनेकी नेको 'आकर्षण के सिद्धांत' का मूर्तिमान रूप है। इसकी मूर्ति मानो प्रत्येक व्यक्ति को यही कहती है कि आप बार-बार मांगो, कार्य करने के लिए अपने कदम आगे बढ़ाओ, धीरे-धीरे आगे बढ़ो। आपको वह सब कुछ मिल जाएगा जो आप चाहते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, आकर्षण के नियम का मूल स्रोत, द किबलियोन के सात नियमों में से एक में मिलता है, जिसे रहस्यमयी हर्मिस त्रिसमैगिसतुस ने बनाया था। मन से जुड़ा यह नियम कहता है कि, 'इस ब्रह्माण्ड में हर चीज एक मानसिक रचना है और इस तरह मनुष्य अपने विचारों के माध्यम से अपना यथार्थ स्वयं रच सकते हैं।'



मनेकी नेको यह बताता है कि आप जिसे चाहते हैं, उसकी हृदय से कामना करें। उसके लिए प्रयासरत हों। इसमें आकर्षण के ये चारों नियम समायोजित हैं :-

आप क्या चाहते हैं? उसे ब्रह्मांड से मांगें। उत्साह और आभार जीवन में सदैव रहना चाहिए। इनके माध्यम से अपनी इच्छाओं पर ध्यान केंद्रित करें। इस तरह व्यवहार करें कि आप जो अच्छी चीजें चाहते हैं, वे आपकी हो चुकी हैं। मुक्त मन से उन्हें ग्रहण करें।

आकर्षण के उपरोक्त चारों नियम बहुत सरल हैं। मगर लोग इनका सही से पालन नहीं करते, इसलिए चूक जाते हैं। यदि हमारे हाथों में हर पल मोबाइल रहेगा, उसी पर ध्यान रहेगा तो प्रकृति के शुभ संकेत हम कहां समझ पाएंगे? अपनी कल्पनाशक्ति को भी जीवित रखने के लिए यह अनिवार्य है कि मोबाइल, सोशल मीडिया से उचित दूरी बनाए रखें। लगातार इन्हीं में डूबे रहने के कारण दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं। आज सोशल मीडिया ने व्यक्ति को इतना अधिक व्यथित किया हुआ है कि वे प्राकृतिक स्थलों पर विचरण करने की जगह वहां पर अपनी फोटो लेते हैं, रील्स बनाते हैं और फिर अनायास ही काल के गाल में समा जाते हैं। मनेकी नेको का शुभ संकेत प्रत्येक व्यक्ति को यही बताता है कि सकारात्मक रहो, निरंतर आगे बढ़ो और प्रकृति के सान्निध्य में रहो।

प्रकृति में विचरण करने वाले जीव-जंतु, पेड़-पौधे हमें बहुत कुछ सिखाते हैं। न्यूटन गुरुत्वाकर्षण के नियम की खोज इसलिए कर पाए क्योंकि वे प्रकृति के सान्निध्य में बैठे अपने आविष्कार पर सोच रहे थे। अचानक हवा के झोंके से एक सेब के पेड़ से सेब नीचे गिरा। न्यूटन ने उसे नीचे गिरते देखा और स्वयं से बोले, 'यह सेब नीचे ही क्यों गिरा? अगल-बगल या ऊपर क्यों नहीं गिरा। इसका अर्थ है कि धरती उसे खींच रही है यानी उसमें आकर्षण है। इस तरह गुरुत्वाकर्षण का नियम पूरे विश्व के सामने आया। आज भी असंख्य आविष्कार व्यक्तियों का इंतजार कर रहे हैं बशर्ते वे मनेकी नेको के नियम के अनुसार कार्य करें। 'मनेकी नेको' के जुड़वां नियम से आगे बढ़ें और अपना सुंदर भविष्य गढ़ें।

# इस साल साय कैबिनेट की आखिरी बैठक

## युवाओं की नौकरी और राइस मिलर्स विवाद समेत कई मुद्दों पर लग सकती है मुहर





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** साल के अंत में साय कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में हो रही है। जिसमें सरकार आने वाले साल 2025 के कामकाज को लेकर बड़े फैसले लेगी। कैबिनेट के सभी मंत्री दोपहर में मंत्रालय पहुंचे। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की।

इस बैठक में सरकार युवाओं की नौकरी, राइस मिलर्स के जारी विवाद को लेकर चर्चा की गई। इससे पहले 11 दिसंबर को कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में सरकार ने कई अहम फैसलों पर मुहर लगाई थी।

**कई अहम फैसलों पर लग सकती है मुहर:** नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों के बीच सरकार इस कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगा सकती है। चूंकि कुछ ही समय में प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव होने है। इस वजह से यह बैठक के बाद कुछ सौगातों के ऐलान की उम्मीद है।

इस महीने सरकार की यह दूसरी कैबिनेट बैठक है। 11 दिसंबर को आयोजित हुई बैठक में सरकार ने कई अहम फैसलों पर मुहर लगाई थी। इस बैठक में रायपुर ऑटो एक्सपो में वाहन खरीदने पर 50 फीसदी लाइफ टाइम रोड टैक्स पर छूट देने का फैसला किया गया था।

**पीडब्लूडी ठेकेदार अब नई दर पर काम करेंगे:** 1 जनवरी 2025 से प्रदेश में नया एसओआर प्रभावी होगा। एक दिन पहले उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने इस नई दर अनुसूची (एसओआर) का विमोचन किया। मंत्री ने कहा था कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और उन्हें समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

मंत्री ने बताया कि 2014 में प्रचलित श्रमिकों की दर, सामग्री की दर एवं मशीनरी की दर शामिल की गई थी, जिनमें अब दस वर्षों के बाद बहुत अधिक परिवर्तन आ चुका है। इसलिए नई दर जारी की गई है।

## बोरवेल से पानी की जगह निकल रही आग

### किसान ने खेत में कराया बोर, रातभर निकलती रही लपटें, देखने जुट रही भीड़



**मीडिया ऑडीटर, सूरजपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में एक बोरवेल से पानी की जगह लगातार आग निकल रही है। बताया जा रहा है कि रविवार को ही बोर का काम पूरा हुआ। 24 घंटे से अधिक समय से बोरवेल से आग की लपटें निकल रही हैं। मामला भैयाथान ब्लॉक के धरमपुर गांव का है। किसान रघुनाथ यादव ने सिंचाई के लिए खेत में 150 फीट की खुदाई कराकर बोर कराया। पर्याप्त मात्रा में पानी निकलने के कारण बोर का काम बंद कर दिया गया। रविवार को बोरवेल में केसिंग लगाने के बाद बोरवेल मशीन वापस चली गई।

**निकलने लगी आग की लपटें, सहमें ग्रामीण:** रविवार को बोरवेल से काम पूरा होने के कुछ देर बाद ही आग की लपटें निकलने लगीं। इससे ग्रामीण डर गए। आग की लपटों पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों ने बोरवेल के पाइप पर एक गीला बोरा भी डाला, लेकिन आग की लपटों ने बोरे को भी जला दिया।

24 घंटे से अधिक समय बाद भी लगातार आग जल रही है। लगातार आग के कारण केसिंग पाइप भी गर्म होकर जलने लगी है। बोरवेल से पानी भी खुद बाहर आ रहा है। बोरे को डालकर आग बुझाया गई तो कुछ समय बाद फिर से आगे की लपटें निकलने लगीं।

**नेचुरल गैस निकलने की आशंका:** सूरजपुर के साथ बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर क्षेत्र तक कोयले का अकूत भंडार है। बलरामपुर के वाड्रफनगर इलाके में नेचुरल गैस की भी खोज हो चुकी है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि आग नेचुरल गैस के कारण बोरवेल से निकल रही है। संभवतः बोर नेचुरल गैस के पैच तक पहुंच गई है।

मामले की सूचना प्रशासनिक अमले को भी दी गई है। देर शाम तक मौके पर बड़ी संख्या में लोग कौतूहलवश पहुंचे थे। आग को लेकर प्रशासन की टीम जानकारी जुटा रही है। अभी किस वजह से आग निकल रही है पता नहीं चल सका है।

# इंस्पेक्टर ने खुद को मारी गोली, थाने में नहीं सुनी शिकायत

## 2 दिन पहले हुई थी पुलिसवाले से मारपीट, नहीं लिया एक्शन, परेशान होकर किया सुसाइड





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में तैनात कंपनी कमांडर (इंस्पेक्टर) ने खुद को गोली मार कर अपनी जान दे दी। इस मामले में एक बड़ा खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि इंस्पेक्टर की दो दिन पहले अपने सहकर्मी पुलिस वाले से विवाद हुआ था। दोनों के बीच मारपीट हुई थी जिसके बाद अनिल सिंह गहरवाल ने इसकी शिकायत राखी थाने में की थी। हालांकि इस मामले में कोई भी एक्शन नहीं लिया गया।

मारपीट की घटना 27 दिसंबर की बताई जा रही है। थाना प्रभारी अजीत सिंह के मुताबिक शिकायत उनकी जानकारी में नहीं थी। थाने में अनिल सिंह ने स्टाफ को शिकायत दी थी। जिसमें उन्होंने अपने सहकर्मी के साथ विवाद का जिक्र किया था। हालांकि थाना प्रभारी ने शिकायत किसके खिलाफ दी गई और इस पर पुलिस ने एक्शन क्यों नहीं लिया। इस सवाल का जवाब नहीं दिया।

**क्या था पूरा मामला जानिए:** छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय रायपुर में तैनात छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स के कंपनी कमांडर (इंस्पेक्टर) ने रविवार की शाम खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, इंस्पेक्टर **राजस्थान पत्रिका**।क्त की सुरक्षा में लगी बटालियन का अफसर था। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अफसर मौके में पहुंच गए। यह पूरा मामला राखी थाना क्षेत्र का है।

अनिल सिंह गहरवाल सतना, मध्यप्रदेश का रहने वाला था। उम्र लगभग 46 साल बताई जा रही है। उसने अपने बैरक में खुद की सर्विस रिवॉल्वर से सिर के हिस्से में गोली मारी है। इस घटना के बाद पुलिस कैम्प में हड़कंप मच गया। गोली की आवाज सुनते ही दूसरे कमरों से निकलकर जवान मौके पर पहुंचे। रायपुर पुलिस एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह भी घटनास्थल पहुंचे थे।

**दीवार पर खून के छींटे मिले:** मौके पर पहुंची फॉरेंसिक की टीम को दीवार पर खून के छींटे भी मिले। इसके अलावा इंस्पेक्टर के कमरे के भीतर भी खून बिखरा हुआ था। मौके पर फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल के पास से बारीकी से जांच पड़ताल की। बताया जा रहा है कि दरवाजा पुलिस को अंदर से बंद मिला। जिसे बाद में तोड़ा गया।

**आउट-ऑफ-टर्न प्रमोशन मिला था:** मृतक अनिल के परिचितों से मिली जानकारी के मुताबिक, अनिल छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स में कॉन्स्टेबल के रूप में भर्ती हुए थे। विभागीय प्रमोशन से हेड कॉन्स्टेबल बने। फिर नक्सल मोर्चे में लंबी ड्यूटी और वीरता पूर्ण कार्यों के लिए उन्हें आउट ऑफ टर्न प्रमोशन मिला। जिस वजह से प्रमोट होकर कंपनी कमांडर बने थे। उनके परिवार में पत्नी समेत एक बेटा और एक बेटी है। फिलहाल इस मामले में राखी पुलिस आगे की जांच पड़ताल कर रही है।

# ट्रक ने बाइक सवार 3 दोस्तों को कुचला,तीनों की मौत




**मीडिया ऑडीटर, राजनांदगांव एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में तेज रफ्तार ट्रक ने रविवार को बाइक सवार तीन दोस्तों को टक्कर मार दी। युवक बाइक से दूर जाकर गिरे, जिससे तीनों की मौके पर मौत हो गई। हादसे को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है। मामला घुमका थाना क्षेत्र के मुरमुंदा तिराहा का है।

मिली जानकारी के मुताबिक मरने वालों में भुवन यादव (30), तुलेश्वर यादव (26) और नारद यादव (30) शामिल है। तीनों मुरमुंडा गांव के रहने वाले थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवकों की हड्डियां तक चकनाचूर हो गईं।

**तीनों की लाशें टुकड़ों में बंट गई:** तेज रफ्तार ट्रक बेमेतरा की ओर से आ रहा था, जैसे ही मुरमुंदा तिराहा के पास पहुंचा, बाइक सवारों को रौंद दिया। तीनों की लाशें टुकड़ों में बंट गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी।

**शवों को मर्चुरी भेजा गया:** घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। तीनों के शवों को एंबुलेंस के जरिए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज मर्चुरी भेजा गया। शवों का पोस्टमॉर्टम करने के बाद आज उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मामले में थाना प्रभारी बसंत बघेल ने बताया कि जब वह अपनी टीम के साथ पहुंचे तो सड़क पर खून ही खून बिखरा पड़ा था। ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई आदि के प्राचार्य/संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण जानकारी है।

कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास के पत्र क्रमांक/आॅ.ला.पो.मै.छा./183/2024-25/10569 नवा रायपुर दिनांक 23 दिसम्बर 2024 के संदर्भ में, विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है।इस संदर्भ में, विभाग द्वारा ऑनलाइन आवेदन/प्रस्ताव स्वीकृति वर्ष 2024-25 तिथियों में वृद्धि की जा रही है जिसमें विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक है और इसके बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2025 तक है सैंक्शन ऑर्डर लॉक की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2025 तक है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि निर्धारित तिथियों के बाद कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह सकते हैं, और इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। सबसे पहले, यह सुनिश्चित करें कि आपका बचत खाता एक्टिव हो और आधार से लिंक्ड बैंक खाता नंबर ही प्रविष्टि करें।

इसके अलावा, ओटीआर की प्रविष्टि के संबंध में संस्थाओं द्वारा विद्यार्थियों को प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की जाएगी।इसके अलावा, वर्ष 2024-25 से संस्थाओं को जिला नोडल द्वारा प्रदान किए गए प्रशिक्षण के अनुसार जियो-टैगिंग करना अनिवार्य है। जिन संस्थाओं द्वारा जियो-टैगिंग नहीं की जाएगी, उन संस्थाओं के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान नहीं की जाएगी।

# तीन कोचियों से 101 क्विंटल धान जब्त

## कलेक्टर ने बारिश से धान को बचाने संग्रहण केंद्रों में कैप कवर लगाने के निर्देश दिए



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में 101 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। खाद्य विभाग के अधिकारी अनुराग भदौरिया के मुताबिक शनिवार को कृषि उपज मंडी जयरामनगर में अजय साहू (दर्राभाटा ) व शिवशंकर राजवाड़े (धनिया) के गोदाम से 53 व 100 कट्टी धान जब्त किया।

वहीं बिल्हा एसडीएम के निर्देशन में मारे गए छापे में तहसील बोदरी अंतर्गत ग्राम मगरउछला में कोचिया शोबुत पटेल से 100 बोरी धान जब्त किया गया। वहीं कलेक्टर ने आकस्मिक बारिश से धान को बचाने के लिए संग्रहण केंद्रों में कैप कवर लगाने कहा है। धान भीगने पर केंद्र प्रभारी को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

# बॉयफ्रेंड ने गर्लफ्रेंड के दूसरे प्रेमी को मार डाला

## आधीरात दोस्तों के साथ लाठी-डंडों से पीटा, पुलिस विभाग में है लड़की-लड़के की मां



**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में लव ट्राएंगल के चलते एक युवक का मर्डर हो गया है। लड़की के प्रेमी ने अपने दोस्तों के साथ देर रात पहले प्रेमी को लाठी डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस लड़की सहित 5 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामला पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र का है।

मृतक का नाम चेतन साहू है। चेतन साहू और लड़की का पहले से अफेयर था। दोनों की मां पुलिस विभाग में हैं। इसी बीच लड़की की मां का ट्रांसफर सरगुजा हो गया। वो उसके साथ वहां रहने चली गई, लेकिन दूर होने के बाद भी चेतन साहू का प्यार कम नहीं हुआ।

**लड़की दूसरे लड़के से करने लगी थी प्यार:** दुर्ग एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि सरगुजा जाने के बाद लड़की को दुर्ग के ही लुकेश साहू से प्यार हो गया, लेकिन चेतन उसे लगातार फोन करता रहा। 24 दिसंबर को लड़की अपनी मां के साथ दुर्ग आई। चेतन साहू को इस बात की जानकारी हुई।

चेतन साहू लड़की को मिलने के लिए परेशान करने लगा। इसके बाद लड़की ने यह बात अपने नए प्रेमी लुकेश साहू को बताई। लुकेश के कहने पर लड़की ने चेतन को सिविल लाइन स्थित अपने घर के पास मिलने के लिए बुलाया।

**रात में मिलने पहुंचा चेतन साहू:** रविवार देर रात 11-12 बजे के करीब जब चेतन लड़की से मिलने पहुंचा। वहां लुकेश अपने दोस्तों के साथ पहुंचा हुआ था। उसने चेतन को घेर लिया। दोनों में झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि लुकेश ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसे लाठी डंडों से जमकर पीटा।

**5 संदेहियों से पूछताछ जारी, मुख्य आरोपी फरार:** वारदात के बाद सूचना मिलते ही पद्मनाभपुर और पुलिस के अधिकारी रात में मौके पर पहुंचे। लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने रात में ही 5 संदेहियों को हिरासत में लिया। मुख्य आरोपी लुकेश साहू वारदात के बाद से फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस:** दुर्ग एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि वारदात के बाद पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने मुख्य आरोपी की तो पहचान कर ली है, लेकिन उसके साथ वारदात में और कौन लोग शामिल थे, उनकी भी पहचान करने में जुटी है। लड़की को भी थाने बुलाया गया है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएलसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक सम्पन्न



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** 26 दिसंबर 2024 को जिले के लिए जून/सितंबर 2024 की तिमाही के लिए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति (डीएलआरसी) एवं जिला स्तरीय सलाहकार समिति (डीएलसीसी) की बैठक आयोजित की गई । बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न बैंकों में लंबे समय से लंबित ऋण प्रकरणों की समीक्षा की और तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा, बैठक में सीडी अनुपात, प्राथमिकता क्षेत्र ऋण, सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं की उपलब्धि और एसीपी जैसे आदि मापदंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सीईओ नितेश उपाध्याय , आरबीआई एलडीओ सुशील शहाणे , नाबार्ड डीडीओ नंदू जाधव, डीपीएम एनआरएलएम सिमेन्द्र सिंह, पशु विभाग के नोडल अधिकारी बी.आर.एस.बघेल एवं अन्य अधिकारी गण और बैंकों के सभी जिला समन्वयकों के साथ-साथ सरकार द्वारा प्रायोजित एजेंसियों के सभी प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# शिक्षिका दहेज प्रताड़ना का शिकार, कार और 5 लाख की मांगे

## निजी कंपनी में कार्यरत युवक से हुई थी शादी, सास-ससुर और पति के खिलाफ एफआईआर



**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा एजेंसी।** सरगुजा में निजी स्कूल की शिक्षिका दहेज प्रताड़ना की शिकार हो गई। शादी के 9 माह बाद ही विवाहिता प्रताड़ना से त्रस्त होकर वापस मायके लौट आई। शिक्षिका की शादी सूरजपुर निवासी एमबीए पास युवक से हुई थी, जो निजी कंपनी में ऊंचे पद पर कार्यरत है। मामले की रिपोर्ट पर महिला थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, अंबिकापुर के निजी स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत बौरीपारा निवासी नेहा पांडेय का विवाह सूरजपुर निवासी आयुष चौबे से 25 फरवरी 2024 को हुआ था। दहेज में नेहा पांडेय के पिता ने स्कॉर्पियो वाहन के साथ ही नगदी एवं घरेलू सामान दिए थे। नेहा पांडेय शादी के बाद ससुराल चली गई।

**कम दहेज लाने को लेकर किया प्रताड़ित:** नेहा पांडेय ने शिकायत में बताया है कि ससुराल में मेहमानों के जाने के बाद ही ससुर अरूण चौबे और सास कविता चौबे ने यह कहते हुए ताना देना शुरू कर दिया कि उनका बेटा एमबीए है। अच्छी कंपनी में काम कर रहा है। हैसियत के हिसाब से नेहा के पिता ने कम दहेज दिया है। दहेज में पांच लाख रुपए और कार की मांग की गई। नेहा ने बताया कि हनीमून के दौरान गोवा में पति आयुष पांडेय ने शराब एवं सिगरेट पीना शुरू कर दिया। नेहा ने उसे रोका तो उसके साथ गाली-गलौज करते हुए आयुष चौबे ने मारपीट की। जब वे वापस सूरजपुर लौटे तो पति के साथ ही सास, ससुर ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

इसकी जानकारी मिलने पर नेहा का भाई हर्ष पांडेय 16 नवंबर 2024 को सूरजपुर गया तो नेहा पांडेय अपने भाई के साथ अंबिकापुर आ गई।

**काउंसलिंग के बाद भी नहीं हुआ समझौता:** नेहा पांडेय ने शिकायत में बताया है कि ससुराल वालों ने उसके जेवर एवं कपड़े भी आलमारी में बंद कर चाबी रख ली। दांपत्य जीवन को बचाने के लिए उसने कोशिश करते हुए मोबाइल से पति और सास,ससुर से बातचीत करती रही, लेकिन उन्होंने उसे रखने से इनकार कर दिया।

शिकायत मिलने पर महिला थाना पुलिस ने दो बार काउंसलिंग की कोशिश भी की, लेकिन पति सहित सास, ससुर ने उसे रखने से इनकार कर दिया।

**दर्ज हुई एफआईआर:** मामले में नेहा पांडेय की रिपोर्ट पर महिला थाना पुलिस ने पति आयुष चौबे (26) ससुर अरूण चौबे (55) और सास कविता चौबे (53) के खिलाफ धारा 85 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## फाइलों में काम दिखा 2 करोड़ से ज्यादा निकाले

### ग्रामीणों ने की शिकायत, आचार संहिता से पहले खाता खाली करने में लगे सरपंच

**मीडिया ऑडीटर, गरियाबंद एजेंसी।** गरियाबंद जिले में देवभोग जनपद के 50 पंचायतों ने आचार संहिता से पहले फाइलों में काम पूरा बता महज 15दिन के भीतर 15वें वित्त से 2.43 करोड़ रुपए का भुगतान एजेंसियों को दिखा दिया। मूडागांव के ग्रामीणों ने शिकायत की तो अन्य पंचायतों की करतूतों का खुलासा हुआ। देवभोग जनपद के मूडागांव पंचायत के पंचों ने सरपंच सचिव पर 15वें वित्त योजना के कार्य समेत अन्य योजना में मनमानी का आरोप लगा कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत से शिकायत की है।

## मुख्य सचिव से मिले बीपीएससी कैंडिडेट्स, बोले- आंदोलन जारी रहेगा

**पटना ( एजेंसी )।** बिहार लोकसेवा आयोग की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर 13 दिनों से कैंडिडेट्स का धरना जारी है। सोमवार को कैंडिडेट्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा से मुलाकात की है। मुख्य सचिव से मिलने के बाद अभ्यर्थी ने कहा कि - हमने अपनी मांग सीएस के सामने रखी हैं। उन्होंने कहा कि जो उचित कार्रवाई होगी की जाएगी। वहीं आंदोलन को लेकर कैंडिडेट्स ने कहा कि जबतक री एग्जाम की घोषणा नहीं होती है, हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। इधर, अभ्यर्थियों के समर्थन में लेफ्ट और आरजेडी ने आरा और दरभंगा में ट्रेनों को रोका है। छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने इंजन पर खड़े होकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और री एग्जाम की मांग की। रेलवे ट्रैक पर प्रदर्शन के दौरान दरभंगा में बिहार संपर्क क्रांति ट्रेन 1 घंटे रुकी रही। आरा में बक्सर-पटना पैसेंजर ट्रेन को 10 मिनट तक रोककर रखा गया। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाकर ट्रेन को रवाना करवाया। छात्र संगठनों ने आरा, बेतिया, सीवान, बेगूसराय, बक्सर और समस्तीपुर में सड़क जामकर प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियों ने समस्तीपुर-पटना रोड को जाम कर दिया। जाम के कारण कई गाड़ियां फंस गईं। 3 घंटे बाद पुलिस ने ये जाम खुलवाया। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा ) और इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाइए) इस प्रदर्शन में शामिल हैं।

## सेना के अधिकारी के साथ मारपीट

**तिरुवनंतपुरम ( एजेंसी )।** केरल में सेना के अधिकारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। घटना 23 दिसंबर को कोच्चि के थ्रीक्काकारा में केएमएम कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस में हुई। दरअसल, कॉलेज में एनसीसी का ट्रेनिंग कैंप लगा हुआ था। घटना की वाली रात 60 से करीब कैडेट्स ने फूड पॉइजनिंग की शिकायत की। रात करीब 11:30 बजे सीपीआई की स्टूडेंट्स विंग एफआईआर की जिला प्रमुख भाग्य लक्ष्मी, भाजपा के स्थानीय पार्षद प्रमोद अपने समर्थकों के साथ कॉलेज पहुंचे। आरोप है कि इन लोगों ने बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल करनैल सिंह के साथ मारपीट की। वीडियो में नजर आ रहे हमलावरों ने उनका गला दबाया, उन्हें लात भी मारी। 24 दिसंबर को घटना को लेकर थ्रीक्काकारा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई गई। इसमें नुकीली चीज से हमला करने, धमकाने और जबरन कैंप में घुसने की शिकायत है। दो आरोपी गिरफ्तार किए गए पुलिस ने कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल करनैल सिंह से मारपीट मामले में दो आरोपियों निषाद और नवस को मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक कर्नल सिंह ने इनकी पहचान की है।

## हिमाचल में ढाई फीट बर्फ, 340 सड़कें बंद

**नई दिल्ली/श्रीनगर/ ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार बर्फबारी हो रही है। हिमाचल में 340 सड़कों पर आवाजाही बंद हो गई है। छितकुल में ढाई फीट से भी ज्यादा बर्फ पड़ी है, जिससे कई टूरिस्ट फंस गए हैं। कश्मीर में बर्फबारी के चलते श्रीनगर-लेह रोड बंद है। कश्मीर यूनिवर्सिटी के एग्जाम रद्द कर दिए गए हैं। करीब 1800 गाड़ियां फंसी हुई हैं। गांदरबल, सोनमर्ग, पहलगाम, गुंड, बारामूला समेत कई जगहों पर तापमान माइनस 10 से 22 डिग्री तक पहुंच गया है। यहां पर एक फीट तक बर्फबारी भी हुई, जिससे करीब 2 हजार पर्यटक अलग-अलग जगहों पर फंस गए। स्थानीय कश्मीरियों ने घर और मस्जिद के दरवाजे खोले। इन्हें रुकने की जगह दी, कंबल रजाई के साथ खाने-पीने का गर्म सामान भी दिया। उत्तराखंड के चमोली जिले में अगले 24 घंटों में 3 हजार मीटर से ज्यादा की ऊंचाई पर एवलांच (बर्फ ढहना) का ऑरेंज अलर्ट है।

# किसानों ने 9 घंटे पंजाब बंद रखा



**चंडीगढ ( एजेंसी )।** हरियाणा-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन के समर्थन में सोमवार को किसानों ने पंजाब बंद रखा। सुबह 7 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक किसान 140 जगहों पर हाईवे और रेलवे ट्रैक पर बैठे। इस दौरान अमृतसर-जालंधर-पानीपत-दिल्ली और अमृतसर-जम्मू पर ट्रैफिक पूरी तरह से बंद रहा। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ समेत सभी यूनिवर्सिटी ने आज होने वाले एग्जाम स्थगित कर दिए थे। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा, %हमें किसी की जबरदस्ती दुकानें नहीं बंद करवानी पड़ी। व्यापार मंडल, आढ़ती एसोसिएशन, जत्थेबंदियों और यूनियनों का समर्थन मिला। करीब 270 जगह प्रदर्शन हुए।%किसानों के बंद की वजह से रेलवे ने वंदे भारत समेत 163 ट्रेनों को रद्द कर दिया। पुणे से जम्मू तवी जा रही झेलम एक्सप्रेस को जालंधर कैंट स्टेशन पर रोका गया। जालंधर, अमृतसर और लुधियाना के रेलवे स्टेशनों पर उत्तर प्रदेश, पुणे, बिहार और कोलकाता समेत दूसरे राज्यों के यात्री परेशान रहे। ट्रेन कैंसिल होने पर कई यात्रियों को होटल में रुकना पड़ा। पंजाब से 8 राज्यों के लिए 576 रूट पर चलने वाली बसें भी बंद रहीं। हरियाणा और हिमाचल समेत दूसरे राज्यों की बसें भी पंजाब में नहीं आईं। इसके अलावा, गैस और पेट्रोल पंप के साथ बाजार भी बंद किए गए। हालांकि, लुधियाना का मशहूर चौड़ा बाजार खुला रहा। यहां दुकान बंद कराने आए किसानों की दुकानदारों से बहस हुई।

## हरदीप पुरी बोले- एकता स्थल पर 2 स्मारक की जगह



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक को लेकर कांग्रेस, भाजपा और केंद्र सरकार के बीच विवाद अभी भी जारी है। कांग्रेस का आरोप है कि केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के कद के मुताबिक उनके अंतिम संस्कार और स्मारक को लेकर जैसा सम्मान दिया जाना चाहिए वैसा नहीं किया। गृह मंत्रालय, भाजपा अध्यक्ष और पार्टी के बड़े नेताओं के बाद रविवार को केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इस पर बयान दिया।

पुरी ने कहा- डॉ. मनमोहन सिंह जी के स्मारक को लेकर कांग्रेस सरेआम झूठ फैला रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार को पत्र लिखकर एक स्पेशल मेमोरियल बनाने की मांग रखी। गृह मंत्रालय ने खड़गे की मांग मान ली। पुरी ने कहा- दिल्ली में एकता स्थल है। यहां 9 में से 7 स्थल पर पूर्व प्रधानमंत्री और पूर्व राष्ट्रपति के स्मारक बन चुके हैं।

स्मारक के लिए 2 जगह खाली हैं। कांग्रेस ने स्पेशल मेमोरियल बनाने की मांग की है। सरकार इसे मंजूर कर चुकी है, लेकिन इसकी प्रक्रिया में समय लगेगा। ट्रस्ट बनाना होगा, वही मेमोरियल बनाएगी। वाजपेयी जी के समय भी यही हुआ था। हरदीप पुरी बोले- निधन के समय बारिश हो रही थी हरदीप पुरी ने कहा कि कांग्रेस का झूठ पकड़ा जाएगा। जब मनमोहन सिंह का निधन हुआ तब बहुत बारिश हो रही थी। अगले दिन भी बारिश हो रही थी। मौसम विभाग ने कहा 27 साल में दिसंबर में सबसे ज्यादा बारिश हुई।

## दिल्ली एलजी आतिशी से बोले-केजरीवाल ने आपको कामचलाऊ सीएम कहा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को मुख्यमंत्री आतिशी को चिट्ठी लिखकर नए साल की बधाई दी। उन्होंने लिखा कि अपने ढाई साल के कार्यकाल में पहली बार मुख्यमंत्री को काम करते देखा। आपसे पहले (अरविंद केजरीवाल) के पास एक भी विभाग नहीं था, जबकि आप कई विभागों की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। एलजी ने लिखा कि कुछ दिन पहले पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने आपको सार्वजनिक रूप से अस्थाई और काम चलाऊ मुख्यमंत्री कहा। यह मुझे बहुत आपत्तिजनक लगा और मैं इससे आहत हूं। यह न केवल आपका बल्कि आपकी नियुक्त करने वाली भारत की राष्ट्रपति और उनके प्रतिनिधि के




रूप में मेरा भी अपमान है।

एक हफ्ते पहले केजरीवाल को चिट्ठी लिखी थी एलजी ने 22 दिसंबर को दिल्ली के कई इलाकों में गंदगी और बदइंतजामी पर सवाल उठाते हुए वीडियो शेयर किया था। इस पर आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एलजी को धन्यवाद देते हुए कहा था कि वे हमारी कमियां बताएं, हम सारी कमियां दूर करेंगे। अगले दिन केजरीवाल ने एक्स पोस्ट में इलाकों में साफ-सफाई का काम शुरू होने की जानकारी दी। इस पर कटाक्ष करते हुए एलजी ने केजरीवाल को चिट्ठी लिखी थी। एलजी ने लिखा था कि मुझे खुशी होती, अगर उन स्कूलों की तरफ भी ध्यान दिया जाता जहां एक कमरे में दो क्लास के बच्चों को बैठकर पढ़ना पड़ता है। मोहल्ला क्लीनिक की व्यवस्था भी ठीक की जाती। पिछले ढाई सालों में मैंने कई बार दिल्लीवासियों की समस्याओं के बारे में आपको बताया, लेकिन उन पर आज-तक कोई काम नहीं हुआ। यमुना में बढ़ते प्रदूषण का जिम्मेवार भी मैं आपको ठहराऊंगा, क्योंकि आपने ही सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर यमुना के सफाई कार्य पर रोक लगवाई थी।

## दिल्ली में इमामों को 17 महीने से सैलरी नहीं, केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आम आदमी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को ऐलान किया कि अगर उनकी पार्टी दिल्ली में दोबारा सरकार बनाती है, तो वह पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना शुरू करेगी। इसके तहत मंदिर के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18 हजार हर महीने भत्ता दिया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि योजना के लिए रजिस्ट्रेशन कल से शुरू होगा। केजरीवाल मंगलवार को कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर जाएंगे। जहां वे रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जांच करेंगे। इधर, दिल्ली वक्फ बोर्ड के इमामों ने केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन किया। इमामों



का दावा है कि उन्हें 17 महीने से सैलरी नहीं मिली है। इसके लिए वे सीएम, एलजी समेत सभी से शिकायत कर चुके हैं। योजना के ऐलान के बाद केजरीवाल ने कहा कि पुजारी और ग्रंथी समाज का अहम हिस्सा हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की अक्सर अनदेखी की जाती है। भाजपा वालों ने महिला सम्मान और संजीवनी योजना के रजिस्ट्रेशन को रोकने की असफ़ल कोशिश की थी। अब ये लोग पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना के रजिस्ट्रेशन न रोकें वरना इन्हें पाप लगेगा। भाजपा के प्रवक्ता अमित मालवीय ने केजरीवाल के पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना को लेकर कहा कि महाठग अरविंद केजरीवाल ने 10 साल बाद मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथियों को ठगने के लिए नई योजना की घोषणा की है। लेकिन दिल्ली में कितने पुजारी और ग्रंथी हैं, उन्हें इसका पता तक नहीं है। चुनाव से पहले झूठे वादों की झड़ी लगा दी गई है।

## मणिपुर में सुरक्षाबलों ने 4 बंकर नष्ट किए

**इंफाल ( एजेंसी )।** सुरक्षाबलों ने 27 दिसंबर को सर्च ऑपरेशन के दौरान 0.303 राइफल, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) और ग्रेनेड बरामद किए थे। मणिपुर में हिंसा की बढ़ती घटनाओं के बाद सुरक्षाबलों ने इंफाल ईस्ट और कांगपोकपी जिलों में बने बंकरों को नष्ट कर दिया है। मणिपुर पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। ये बंकर थम्नापोकपी और सनसाबी गांवों की सीमा से लगे इलाकों में बनाए गए थे। जहां से पहाड़ियों पर रहने वाले बंदूकधारी निचले इलाकों के गांवों पर हमला कर रहे थे। इसके अलावा 5 दिनों से सेना-पुलिस का जॉइंट सर्च ऑपरेशन भी चल रहा था।

## बुलेट की स्पीड से तेज दो-स्पेसक्राफ्ट स्पेस में जोड़ेगा इसरो

**श्रीहरिकोटा ( एजेंसी )।** इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन यानी, इसरो स्पेडेक्स मिशन की लॉन्चिंग के लिए तैयार है। इस मिशन में अंतरिक्ष में बुलेट की स्पीड से दस गुना ज्यादा तेजी से ट्रैवल कर रहे दो स्पेसक्राफ्ट को मिलाया जाएगा। इसे डॉकिंग कहा जाता है। मिशन सफल रहा तो रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा। इस मिशन की कामयाबी पर ही भारत का चंद्रयान-4 मिशन निर्भर है, जिसमें चंद्रमा की मिट्टी के सैंपल पृथ्वी पर लाए जाएंगे। कॉस्ट इफेक्टिव टेक्नोलॉजी डेमोंसट्रेटर मिशन स्पेडेक्स को 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से रात 10 बजे पीएसएलवी-सी60 रॉकेट से लॉन्च किया जाएगा। इसरो के यूट्यूब चैनल पर रात 09.30 बजे से इसकी लाइव स्ट्रीमिंग होगी। पृथ्वी की निचली कक्षा में दो छोटे स्पेसक्राफ्ट की डॉकिंग और अनडॉकिंग की टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेट करना डॉक किए गए दो स्पेसक्राफ्ट्स के बीच इलेक्ट्रिक पावर ट्रांसफर करने की टेक्नोलॉजी को डेमोंस्ट्रेट करना स्पेस डॉकिंग का मतलब है स्पेस में दो अंतरिक्ष यानों को जोड़ना या कनेक्ट करना।



## दिल्ली में वोटर आईडी के लिए पाकिस्तानी हिंदुओं का आवेदन


**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सिटीजनशिप अमेंडमेट एक्ट के तहत नागरिकता मिलने के बाद करीब 300 पाकिस्तानी हिंदुओं ने दिल्ली चुनाव में वोटर आईडी कार्ड बनाने का आवेदन किया है। इन्हें इसी साल मई में नागरिकता दी गई थी शहर में मजनू का टीला और आदर्शनगर इलाकों में पाकिस्तान छोड़कर आए हिंदुओं की बस्तियां हैं। ऐसी ही एक बस्ती के प्रधान धर्मवीर सोलंकी ने बताया कि बस्ती में 217 परिवार हैं, जिनमें लगभग 1000 लोग हैं। ऐसी ही एक बस्ती के प्रधान धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि करीब 300 लोगों ने वोटर आईडी कार्ड के लिए अप्लाई किया है।

## मुय सचिव से मिले बीपीएससी कैंडिडेट्स, बोले- आंदोलन जारी रहेगा

**पटना ( एजेंसी )।** बिहार लोकसेवा आयोग की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर 13 दिनों से कैंडिडेट्स का धरना जारी है। सोमवार को कैंडिडेट्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा से मुलाकात की है। मुख्य सचिव से मिलने के बाद अभ्यर्थी ने कहा कि - हमने अपनी मांग सीएस के सामने रखी हैं। उन्होंने कहा कि जो उचित कार्रवाई होगी की जाएगी। वहीं आंदोलन को लेकर कैंडिडेट्स ने कहा कि जबतक री एग्जाम की घोषणा नहीं होती है, हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। इधर, अभ्यर्थियों के समर्थन में लेफ्ट और आरजेडी ने आरा और दरभंगा में ट्रेनों को रोका है। छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने इंजन पर खड़े होकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और री एग्जाम की मांग की। रेलवे ट्रैक पर प्रदर्शन के दौरान दरभंगा में बिहार संपर्क क्रांति ट्रेन 1 घंटे रुकी रही। आरा में बक्सर-पटना पैसेंजर ट्रेन को 10 मिनट तक रोककर रखा गया। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाकर ट्रेन को रवाना करवाया। छात्र संगठनों ने आरा, बेतिया, सीवान, बेगूसराय, बक्सर और समस्तीपुर में सड़क जामकर प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियों ने समस्तीपुर-पटना रोड को जाम कर दिया। जाम के कारण कई गाड़ियां फंस गईं। 3 घंटे बाद पुलिस ने ये जाम खुलवाया।

## भाजपा बोली- राहुल नए साल का जश्न मनाने वियतनाम गए

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राहुल गांधी 28 दिसंबर को डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल होने निगमबोध घाट गए थे। हालांकि वे 29 दिसंबर को अस्थि विसर्जन में नहीं गए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। जब पूरा देश पूर्व पीएम के निधन पर शोक मना रहा है, तब राहुल नए साल का जश्न मनाने वियतनाम चले गए। राहुल ने डॉ. सिंह की मौत का राजनीतिकरण किया और राजनीति के लिए उसका फायदा उठाया। गांधी परिवार और कांग्रेस सिखों से नफरत करते हैं। यह कभी न भूलें कि इंदिरा गांधी ने दरबार साहिब को अपवित्र किया था। संघी लोग ध्यान भटकाने की राजनीति कब बंद करेंगे? जिस तरह से मोदी ने डॉ. साहब को यमुना तट पर अंतिम संस्कार के लिए जगह देने से इनकार कर दिया और उनके मंत्रियों ने डॉ. साहब के परिवार को किनारे लगाया, वह शर्मनाक है। अगर राहुल निजी यात्रा पर हैं ,तो आपको क्या परेशानी है। नए साल में सब ठीक हो जाएगा। अमित मालवीय ने रविवार को आरोप लगाया था कि डॉ. मनमोहन सिंह के अस्थि विसर्जन में कांग्रेस और गांधी परिवार का कोई भी नेता नहीं पहुंचा। इस



पर पवन खेड़ा ने कहा- परिवार की प्राइवेसी का ध्यान रखते हुए कांग्रेस पार्टी का कोई भी नेता अस्थि विसर्जन में शामिल नहीं हुआ। डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के बाद सोनिया जी और प्रियंका जी ने उनके परिवार से मुलाकात की। बातचीत में महसूस हुआ कि अंतिम संस्कार में परिवार को प्राइवेसी नहीं मिली। परिवार के कुछ सदस्य चिता स्थल पर भी नहीं पहुंच सके। अस्थि विसर्जन भावनात्मक रूप से कठिन समय होता है, इसलिए हमने परिवार की प्राइवेसी का ख्याल रखा। राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि पहले सिख प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर केंद्र सरकार ने उनका अपमान किया। वहीं, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया कि डॉ. सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित कर दी गई है।

उनके परिवार को भी इसकी जानकारी दे दी गई है।

## अन्ना यूनिवर्सिटी रेप केस-महिला आयोग की कमेटी की जांच शुरू

**चेन्नई ( एजेंसी )।** चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी रेप केस की जांच शुरू हो गई है। महिला आयोग की तरफ से गठित फैक्ट फाइंडिंग टीम सोमवार को विश्वविद्यालय पहुंची। टीम यूनिवर्सिटी के अधिकारियों, पीड़ित, उसके परिवार और गैर सरकारी संगठनों से बातचीत करेगी। उधर, तमिलगा वेत्तरी कझगम पार्टी के चीफ और एक्टर विजय तमिलनाडु के गवर्नर सीटी रवि से मुलाकात करने पहुंचे हैं। इससे पहले उन्होंने घटना को दर्दनाक बताते हुए कहा- पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, लेकिन अगर इसमें कोई और भी शामिल है, तो उसके खिलाफ भी एक्शन लेना चाहिए। 23 दिसंबर की रात 8 बजे अन्ना यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग की सेकेंड ईयर स्टूडेंट के साथ रेप हुआ था। इस मामले पर मद्रास हाईकोर्ट में 28 दिसंबर को सुनवाई हुई थी। जस्टिस एस एम सुब्रमण्यम और जस्टिस वी लक्ष्मीनारायण की वेकेशन बेंच ने 2 जनहित याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा था कि पुलिस की एफआईआर में लिखा है कि पीड़ित ने ऐसे कपड़े पहने थे जिससे अपराध हो सके। इसके अलावा अन्य जो बातें लिखी हैं कि उसमें पीड़ित के सम्मान के अधिकार और निजता के अधिकार का उल्लंघन किया गया है। पुलिस को थोड़ा संवेदनशील होने की जरूरत है।

# 2025 में कौन होगा आरसीबी का कप्तान ?

**मुम्बई (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आरसीबी ने 2025 सत्र के लिए अपनी नई टीम बना ली है पर इस टीम का अगला कप्तान कौन होगा वह अभी साफ नहीं हुआ है। विराट कोहली के अलावा इस टीम में क्रुणाल पंड्या और भुवनेश्वर कुमार ही दो ऐसे खिलाड़ी है जिन्हें कप्तानी का दावेदार माना जा रहा है। दिग्गज स्पिनर आर अश्विन का मानना है कि विराट आईपीएल सत्र सीजन के लिए कप्तानी संभाला सकते हैं। कोहली ने साल 2022 में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी पर 2023 में फॉफ डुप्लेसिस के चोटिल होने के बाद कुछ मैचों में उन्होंने टीम की कप्तानी करनी पड़ी थी। आरसीबी की ओर से फिलहाल कप्तान को लेकर कुछ नहीं कहा जा रहा है पर अश्विन को लगता है कि ये पहले से तय है। उन्होंने कहा कि कोहली ही कप्तान की भूमिका में नजर आएंगे क्योंकि आरसीबी ने नीलामी के तहत किसी ऐसे खिलाड़ी को नहीं खरीदा जो कप्तान बन सके। अश्विन ने ये भी कहा कि आरसीबी के लिए ये नीलामी अच्छी रही क्योंकि संतुलित किया और सही खिलाड़ियों का चयन किया है। अश्विन ने कहा कि आरसीबी ने आरटीएम का ज्यादा इस्तेमाल किए बना ही अपने पहले 12-14 खिलाड़ियों को समझदारी से खरीदा।

# विराट और कोंस्टास मैच के बाद एकसाथ दिखेंगे-स्टुअर्ट क्लार्क

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट क्लार्क ने कहा है कि बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले ही दिन भारत के विराट कोहली और मेजबान टीम के युवा खिलाड़ी सैम कोंस्टास के बीच हुई टक्कर को अधिक तूल नहीं देना चाहिये। क्लार्क ने कहा कि कोंस्टास भी विराट की तरह ही एक प्रतिस्पर्धी क्रिकेटर नजर आते हैं और वह कंधा टकराने जैसी बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं। साथ ही कहा कि मैच के बाद ये दोनो ही एकसाथ हंसते हुए नजर आयेंगे। मेलबर्न में चौथे टेस्ट के दौरान कोहली पर कोंस्टास से जबरन टकराने को आरोप लगा था। इसके लिए उनपर मैच फीस का 20





फीसदी जुर्माना भी लगा। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसकों ने भी उनपर निशाना साधा। क्लार्क ने कहा कि दो बेहद प्रतिस्पर्धी खिलाड़ियों की आपस में अच्छी बनती है। उन्होंने कहा कि कोंस्टास भी प्रतिस्पर्धी है।

वह अच्छा खेलना चाहता है। उस तरीके से देखा जाये यह मामला पुरानी बात हो जाएगा और मुझे हैरानी नहीं होगी अगर कोहली भी उसे अपनी से सलाह देते हुए दिखे। क्लार्क ने कहा कि सैम आक्रामक खिलाड़ी है और वह पारी शानदार थी। मैं देखना चाहता हूं कि वह दूसरी पारी में कैसे खेलता है। वह आक्रामक खेलता है या पारंपरिक ।

# आईपीएल से मिली थी नितीश को पहचान

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के युवा क्रिकेटर नितीश कुमार रेड्डी आज जहां ऑस्ट्रेलिया में शतक लगाकर चर्चाओं में हैं और टीम का भविष्य माने जा रहे हैं। नितीश ऐसे ही यहां तक नहीं पहुंचे। इससे पहले उन्होंने इस साल आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से

भी आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए सबका ध्यान खींचा था। उसके बाद ही उन्हें भारतीय टी20 टीम में भी जगह मिली थी। उन्होंने आईपीएल 2024 सत्र में 303 रन बनाए थे नितीश की शुरुआत बेहद आक्रामक रही। उन्होंने साल 2017-18 में विजय मर्चेंट ट्रॉफी में आंध्र प्रदेश की ओर से तिहरा शतक लगाया था। उन्होंने 14 साल की उम्र में 345 गेंद खेलते हुए 441 रन बनाये थे। उन्होंने उस



टूर्नामेंट में कुल 1237 रन 176.41 के जबरदस्त औसत से रन बनाए थे जो अभी तक एक रिकार्ड है। उन्हें बीसीसीआई की ओर से अंडर-16 क्रिकेटर ऑफ द सीजन अवार्ड भी मिला था। नितीशक को बड़ी पहचान आईपीएल से ही मिली जहां उन्होंने 143 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये।

# करण जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए प्रायोजक तलाशे महासंघ- बोपन्ना

**मुंबई (एजेंसी)।** अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने करण सिंह को प्रतिभाशाली खिलाड़ी बताया है। बोपन्ना ने कहा है कि करण जैसी खेल की प्रतिभाओं को निखारने और आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय महासंघ प्रयास करे। बोपन्ना ने कहा कि इसके लिए महासंघ प्रयोजकों की भी तलाश करे। बोपन्ना के अनसार महासंघ को करण सिंह और उसकी तरह के और भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सभी प्रकार से सहयोग करना चाहिये। बोपन्ना ने कहा कि मैं करण को खेलते हुए देख रहा हूं और मुझे लगता है कि वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। उन्होंने कहा कि हमें इस तरह के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए न सिर्फ निजी प्रायोजकों बल्कि राष्ट्रीय महासंघ से भी सहयोग की जरूरत है। यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खेलने का अवसर मिल रहा है।'' बोपन्ना अभी पहली बार टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) में राजस्थान रेंजर्स की तरफ से खेल रहे हैं जो 154 अंक लेकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है और फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है।

# यशस्वी जायसवाल आउट थे या नहीं? सुनील गावस्कर और रिकी पोंटिंग ने दिया ये रिएक्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मेलबर्न टेस्ट के पांचवें दिन और तीसरा सेशन काफी विवादस्पद रहा। दरअसल, ऋषभ पंत का विकेट गिरने के बाद अन्य सभी बल्लेबाज अपना विकेट गंवाते चले गए। इस बीच 71वें ओवर में यशस्वी जायसवाल का विकेट चर्चाओं में आ गया है। पैट कमिंस गेंदबाजी कर रहे थे, जिन्हें स्नकोमीर में कोई स्पाइक आए बिना ही थर्ड अंपायर ने आउट करार दे दिया था। इस विषय पर ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग और भारतीय महान दिग्गज सुनील गावस्कर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

फिलहाल, बताते हैं कि आखिरी हुआ क्या था? मामला भारतीय पारी के 71वें ओर का है, जिसमें पैट कमिंस गेंदबाजी करने आए थे। ओवर की पांचवीं गेंद पर जायसवाल ने शॉट लगाने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनसे मिस हो गई थी। लेकिन आवाज आने पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कैच की अपील कर दी, याद दिला दें कि ग्राउंड अंपायर ने जायसवाल को नॉट-आउट दिया। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम ने रिव्यू लिया, रिव्यू में पाया गया कि जब गेंद जायसवाल के दस्ताने



के पास से गुजरी तो उसने हल्की से दिशा बदल ली थी। वहीं जब स्निकोमीटर में देखा गया तो स्पाइक नहीं आया। फिर भी अंपायर ने स्निकोमीटर के बजाय गेंद के दिशा में बदलाव के आधार पर जायसवाल को आउठ करार दिया।

वहीं महान दिग्गज सुनील गावस्कर ने इस फैसले को बिल्कुल गलत बताया। गावस्कर ने कमेंट्री के दौरान कहा कि, ये फैसला पूरी तरह से गलत है। तीसरे अंपायर को सबूत चाहिए और तीसरे अंपायर को उसी हिसाब से निर्णय देना होगा। अगर फील्ड अंपायर ने कोई फैसला दिया है तो उसको बदलने के लिए पर्याप्त सबूत चाहिए होते हैं, जो इस केस में नहीं था। ऐसे में आप तकनीक का प्रयोग क्यों ही कर रहे हैं। वीडियो में जो दिख रहा है वह ऑप्टिकल इल्यूजन भी हो सकता है।

वहीं रवि शास्त्री ने कहा कि, बहुत कम बार ऐसा फैसला होता है जहां पर स्निको में कुछ नहीं दिखता और आप फील्ड अंपायर के नॉट अंपायर के फैसले को बदल कर आउट का फैसला लेते हैं। आज ऐसा लग रहा है कि स्निको ऑस्ट्रेलिया का छटा बॉलर है।

जबकि रिकी पोंटिंग ने कमेंट्री के दौरान कहा कि, वो चाहे इस पर जो भी कहें, लेकिन गेंद साफ तौर पर दस्ताने से टच हुई थी। दरअसल, जायसवाल तभी डगआउट का रुख करने लगे थे जब उन्हें पता चला कि ऑस्ट्रेलिया ने रिव्यू लिया है। तब उन्होंने मैदान से बाहर जाने के लिए कुछ कदम बढ़ाए थे। स्निको ने यहां सच्चाई नहीं दिखाई है। जहां तक मैं जानता हूं इस विकेट पर कोई विवाद नहीं होना चाहिए।

# नाओमी ओसाका ने कहा, अगर नतीजे नहीं आए तो वह टेनिस को अलविदा कह देंगी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नाओमी ओसाका ने कहा कि अगर उनके नतीजे उनकी उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहे तो वह टेनिस को अलविदा कह देंगी। जापान की 27 वर्षीय खिलाड़ी अक्टूबर में चाइना ओपन में लगी पीठ की चोट के बाद वापसी करते हुए अपना पहला मैच सोमवार को ऑकलैंड में एएसबी टेनिस क्लासिक में खेलेंगी। वेलिंगटन । चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने कहा कि अगर उनके नतीजे उनकी उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहे तो वह टेनिस को अलविदा कह देंगी। जापान की 27 वर्षीय खिलाड़ी अक्टूबर में चाइना ओपन में लगी पीठ की चोट के बाद वापसी करते हुए अपना पहला मैच सोमवार को ऑकलैंड में एएसबी टेनिस क्लासिक में खेलेंगी जिसमें पहले दौर में उनका सामना इस्त्राइल की लिना ग्लूश्को से होगा। ओसाका ने रविवार को ऑकलैंड में टूर्नामेंट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि 2024 में उन्होंने अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए लगभग 15 महीने के ब्रेक के बाद अपना पेशेवर करियर फिर से शुरू किया और वह सत्र का अंत 58वें स्थान पर रहीं। ओसाका ने कहा, च्मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसी खिलाड़ी हूं जो उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं रहने पर खेलती रहे। ज्ज् उन्होंने कहा, च्मैं टूर पर मौजूद सभी खिलाड़ियों का बहुत सम्मान करती हूं लेकिन मैं अभी अपने जीवन के जिस मुकाम पर हूं, उसे देखते हुए अगर मैं एक निश्चित रैंकिंग से ऊपर नहीं हूं तो मैं खुद को खेलते हुए नहीं देखूंगी ज्ज् ओसाका ने कहा, च्अगर मैं उस रैंकिंग पर नहीं हूं जहां मुझे लगता है कि मुझे होना चाहिए तो मैं अपनी बेटी के साथ समय बिताना पसंद करूंगी। ज्ज् ओसाका का 2024 में जीत हार का एकल रिकॉर्ड 22-17 रहा जिसमें वह दोहा और नीदलैंड में हुए टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल तक पहुंची।

# सिनर, स्वियातेक के डोपिंग मामलों पर खिलाड़ियों को अंधेरे में रखा गया-जोकोविच

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने इस खेल में डोपिंग से जुड़े हाई-प्रोफाइल मामलों से निपटने में 'दोहरे मापदंड' अपनाने की आलोचना की। जोकोविच चोट से उबर कर सोमवार से शुरू होने वाले 'ब्रिसबेन इंटरनेशनल' से प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे। अगले महीने शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच 2009 के बाद पहली बार 'ब्रिसबेन इंटरनेशनल' में भाग लेंगे। इस टूर्नामेंट के एकल में उन्हें शीर्ष वरीयता मिली है। जोकोविच ने मौजूदा समय में रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज यानिस सिनर के डोपिंग मामले के बारे में 'अंधेरे में रखे जाने' पर निराशा व्यक्त की। जोकोविच 'बिसबेन इंटरनेशनल' के युगल में ऑस्ट्रेलिया के निक



किर्गियोस के साथ भी जोड़ी बनाएंगे। यह जोड़ी सोमवार से अपना अभियान शुरू करेगी। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मैं यह सवाल नहीं कर रहा हूं कि (सिनर ने) जानबूझकर प्रतिबंधित पदार्थ लिया था या नहीं। हमने अतीत और वर्तमान में बहुत सारे खिलाड़ियों को प्रतिबंधित पदार्थों के लिए जांच में पॉजिटिव आने के कारण निलंबित होते देखा है।''

उन्होंने कहा, ''कम रैंकिंग वाले कुछ खिलाड़ी एक साल से अधिक समय से अपने मामले के सुलझने का इंतजार कर रहे हैं। मैं वास्तव में निराश हो हूं। हमें (सिनर मामले पर) कम से कम पांच महीने तक अंधेरे में रखा गया।'' इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने सिनर और पूर्व महिला विश्व नंबर एक इगा स्वियातेक दोनों पर साल की शुरुआत में डोपिंग रोधी उल्लंघन का आरोप लगाया था। सर्बियाई खिलाड़ी ने डोपिंग उल्लंघनों के संबंध में टेनिस अधिकारियों की ओर से पारदर्शिता की कमी की भी आलोचना की।

जोकोविच ने कहा, ''एटीपी ने वास्तव में इसके बारे में खुलकर बात नहीं की है। उन्होंने उस मामले को लोगों से दूर क्यों रखा है? हमने डब्ल्यूटीए टूर पर सिमोना हालेप का मामला देखा हैं, अब इगा स्वियातेक का मामला है।'' उन्होंने कहा, ''यह हमारे खेल के लिए अच्छी छवि नहीं है। मैं ऐसे मामलों को लेकर प्रणाली के काम करने के तरीके पर सिर्फ सवाल उठा रहा हूं।

क्यों कुछ खिलाड़ियों के साथ दूसरे तरह का व्यवहार किया जाता है? हो सकता है कि इसके पीछे रैंकिंग एक कारण हो। इस तरह के मामलों से निपटने के लिए कुछ खिलाड़ियों के पास अधिक वित्तीय सहायता और

# मांजरेकर ने रोहित पर निशाना साधा

**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि बॉक्सिंग डे टेस्ट में पारी की शुरुआत का रोहित शर्मा का फैसला गलत था। मांजरेकर ने कहा कि रोहित इस सीरीज में अब तक विफल रहे हैं। इसके बाद भी उनका सलामी बल्लेबाज के तौर पर आना गलत था। उन्होंने कहा कि इस सीरीज में रोहित के अलावा विराट कोहली और अन्य बड़े खिलाड़ी भी रन नहीं बना पा रहे जो टीम के लिए नुकसानदेह साबित हो रहा है। ऐसे में इन खिलाड़ियों को फार्म हासिल करने के पूरे प्रयास करने चाहिये। उन्होंने कहा कि रोहित बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अब तक तीन पारियों में केवल 19 रन ही बना पाए हैं।

मांजरेकर ने कहा कि हमारे यहां परंपरा है कि हम अनुभवी बल्लेबाजों को लय हासिल करने के लिए ऊपर भेज देते हैं। हम प्रतिष्ठित खिलाड़ियों को सभी प्रकार के अवसर प्रदान करते हैं। वहीं इस सीरीज में अच्छी बल्लेबाजी कर रहे केएल राहुल को पारी की शुरुआत से हटाकर तीसरे नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने के लिए भेज देते हैं जिससे रोहित को फॉर्म हासिल करने का अवसर मिल सके।

उन्होंने कहा कि राहुल ने पहले तीन मैच में पारी की अच्छी शुरुआत की जबकि ऑस्ट्रेलिया में ओपनिंग करना आसान नहीं है। यशस्वी जयसवाल के



साथ राहुल ने भारत के लिए रिकॉर्ड साझेदारी की थी पर रोहित को खिलाड़ी को सफल बनाने के लिए उस साझेदारी को तोड़ दिया दिया गया। इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि यशस्वी और रोहित शीर्ष पर अच्छी साझेदारियां करते हैं । उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में जब आपको एक ऐसा सलामी बल्लेबाज मिला जो अपनी भूमिका ठीक से निभा रहा था, तो खराब फॉर्म से जूझ रहे कप्तान को पारी की शुरुआत के लिए भेजने के कारण उसे नंबर 3 पर भेजना सही नहीं है।

### पूर्व विधायक बोले- लोग डरकर जी रहे, वन विभाग फेल, चार लोगों पर किया था हमला

# मच्छरदानी लेकर तेंदुआ पकड़ने निकले भाजपा नेता





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में यूपी-एमपी बॉर्डर पर तेंदुए ने 48 घंटे से दहशत फैला रखी है। उसे पकड़ने के लिए वन विभाग लगातार कोशिश कर रहा है, लेकिन अब तक कामयाबी नहीं मिली। इधर, तेंदुए को अब तक न पक? पाने से नाराज भाजपा नेता ग्रामीणों के साथ मच्छरदानी लेकर उसे पकड़ने निकल पड़े।

पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी ने कहा कि वन विभाग तेंदुए को पकड़ने में फेल हो चुका है। लोग डरकर जी रहे हैं। इसलिए हम सब खुद मोर्चा संभालेंगे। तेंदुआ अब तक 4 ग्रामीणों पर हमला कर घायल कर चुका है।

**पूर्व विधायक बोले- मुझसे देखा नहीं गया:** मेरा इन लोगों से बहुत पुराना नाता है। इसमें अधिकांश कोल आदिवासी समाज के लोग हैं। लेकिन जिस तरह से ये अपना जीवन डर में बिता रहे हैं। मुझसे देखा नहीं गया, जिस वजह से आज मैं खुद जाल लेकर तेंदुए को पकड़ने पहुंचा हूं।

**चार ग्रामीणों पर तेंदुए ने किया था हमला:** बता दें कि शुक्रवार को रोज की तरह 4 ग्रामीण यूपी से सटे जनेह थाना क्षेत्र के खदिलवाल गांव में अपने खेत में जा रहे थे। इसी दौरान वहां छिपकर बैठे तेंदुए ने उनपर हमला कर दिया। लोगों को पास ही के शंकरगढ़ अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद से तेंदुए को खोजने पुलिस और वन विभाग की टीम 48 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहा है।

**टीआई ने कहा-घायलों की हालत स्थिर:** थाना प्रभारी कन्हैया बघेल ने बताया कि तेंदुआ सरसों के एक खेत में घात लगाकर बैठा था। हमले में चार लोग घायल हुए हैं। सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। घायलों में रामसागर कोल (55), भैरव प्रसाद कोल (50), सूरज कोल (16), बृजलाल कोल (57) शामिल हैं।

**एसपी ने कहा-गांवों में अलर्ट जारी किया:** एडिशनल एसपी विवेक लाल ने बताया कि वन विभाग और पुलिस की टीम लगातार तेंदुए की तलाश कर रही है। घटनास्थल और आसपास के गांव में लोगों को सतर्क रहने की सूचना दे दी गई है। जबकि घायलों का इलाज चल रहा है।

## कोतवाली का कालीचरण पहुंचा कुठुलिया फॉर्म, जुए के फड़ का शुरू हुआ संचालन



### प्रधान आरक्षक साहब की सेटिंग से किस्मत आजमाने पहुंच रहे जुआं प्रेमी

### लाखों के खेल में आरक्षक साहब बना रहे मैनेजमेंट

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र स्थित कुठुलिया फॉर्म में इन दिनों जुएं की फड़ का संचालन किया जा रहा है जिसमें कुछ पत्रकारों के साथ ही थाने के प्रधान आरक्षक महोदय के द्वारा इस कारोबार को संरक्षण दिया जा रहा है जिसके चलते यहां पर अब हर रोज लाखों रुपए लगाकर लोग अपनी किस्मत आजमाने की कोशिश कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि कालीचरण नाम का आरोपी जिसके खिलाफ सिटी कोतवाली थाने में कई प्रकरण दर्ज है उसके द्वारा अब कुठुलिया फॉर्म में जुएं के कारोबार का संचालन किया जा रहा जिसमें पुलिस वाले साहब खुद ही मैनेजमेंट बनाकर इस खेल के लिए ग्राहक का इंतजाम भी करते हैं।

जानकारी के मुताबिक सिटी कोतवाली थाने का फरार आरोपी कालीचरण पूर्व में इसी थाना क्षेत्र में जुएं का कारोबार कर लोगों की किस्मत से खेलता था मगर यहां कि पुलिस से जब कोई सेटिंग नहीं बनी तो इसने बिछिया इलाके में अपना खेल का ठिकाना जुगाड़ लिया और अब कालीचरण के द्वारा कुठुलिया फॉर्म में इस कारोबार को बढ़ावा दिया जा रहा है जहां हर रोज लाखों रुपए का खेला होता है।

आपको बता दें रीवा शहर में इन दिनों अपराधियों के हौसले इतनी बुलंदी पर हैं कि वह पुलिसिया सांठ गांठ बनाकर खुद को पुलिस समझते हुए लगातार अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और व्यवस्था को अपनी जेब में लेकर गोरखधंधे का संचालन कर रहे हैं।

### ओवर ब्रिज पर सेल्समैन के साथ हुई थी लूट

# साथी कर्मचारी निकला लूट की घटना का मास्टरमाइंड, पांच आरोपी गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा पुलिस ने सेल्समैन से बीच सड़क ओवर ब्रिज पर 3 लाख की लूट के मामले में रविवार को पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पूरे मामले का खुलासा किया है। आरोपियों से लूट करने में कंपनी का भी एक कर्मचारी शामिल निकला।

सीएसपी रितु उपाध्याय ने बताया कि फरियादी जय प्रकाश गुप्ता (डिस्टीब्यूटर एयरटेल पेमेंट बैंक) ने थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मेरा सेल्स मैन अमन मिश्रा कैश कलेक्ट करके खैरी चोरहटा होकर ढेकहा की तरफ आ रहा था। तभी रेलवे ओवर ब्रिज के पास 3 अज्ञात लोग मोटर साइकल से आए और अमन की बाइक के सामने अपनी गाड़ी लगाकर चाकू की नोंक पर रूपयों से भरा बैंक लूट कर भाग गए। बैग में तीन लाख पन्द्रह हजार रूपए थे। रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में लूट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। मामले की बारीकी से जांच की गई। मुखबिर और संदेहियों से पूछताछ की गई। जहां कंपनी का ही एक व्यक्ति पूरी घटना में शामिल निकला। जो एयरटेल ऑफिस में काम करता था।



गोपनीय रूप से नजर रखते हुए आरोपियों का सुराग लगाया गया। आरोपी शातिर किस्म के थे। जो घटना के बाद से खुद को छिपाने का प्रयास कर रहे थे। सबूत के आधार पर आरोपियों की धर पकड़ के लिए एक टीम पीछा करते हुए इन्दौर गई। जहां गिरफ्तारी के बाद आरोपियों ने पूछताछ पर अपराध करना स्वीकार किया। पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर लूट का मसरूका और घटना में इस्तेमाल की गई बाइक जब्त की गई है। जबकि गिरफ्तार आरोपियों से बारीकी से पूछताछ की जा रही है। आगे की विवेचना जारी है।

एडिशनल एसपी विवेक लाल ने बताया कि आरोपियों में अमन दाहिया पिता शिवराज उम्र 19 वर्ष निवासी चोरहटा,जुनैल मंसूरी पिता मोहम्मद अकरम उम्र 18 वर्ष निवासी ढेकहा, मोहम्मद अलताफ मंसूरी उर्फ फैजल पिता सलामत मंसूरी उम्र 19 वर्ष निवासी मैदानी,अनिल पटेल पिता मिथलेश पटेल उम्र 19 वर्ष निवासी मैदानी और मिथलेश मिश्रा पिता जय प्रकाश मिश्रा उम्र 19 वर्ष निवासी करमाई सेमरिया शामिल हैं।

जिनके कब्जे से 1 लाख 90 हजार रूपए और घटना में इस्तेमाल की गई चोरी की पल्सर 220 सीसी बाइक और एक चाकू भी बरामद किया गया है।

## एसडीएम ने अन्नदूत के वाहन मालिक और चालक पर की कार्यवाही

### खाद्यान्न पहुंचाने में अनियमितता पाए जाने पर अन्नदूत वाहन को किया गया जब्त

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य की दुकानों से खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र राशन कार्डधारियों को हर माह खाद्यान्न का वितरण किया जाता है। वेयरहाउस से उचित मूल्य दुकानों तक खाद्यान्न पहुंचाने के लिए अन्नदूत वाहन का उपयोग किया जाता है। सिरमौर तहसील में उचित मूल्य दुकान के लिए खाद्यान्न परिवहन करने वाला अन्नदूत वाहन क्रमांक एमपी 17 जेडजी 1712 निर्धारित स्थल के स्थान पर अन्यत्र खड़ा पाया गया। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशों के अनुसार खाद्यान्न परिवहन में लापरवाही पाए जाने पर एसडीएम सिरमौर राजेश सिन्हा ने कार्यवाही की है।

वाहन को जब्त करके थाना प्रभारी सिरमौर की सुपुर्दगी में सौंपा गया है। जब्त वाहन में 78 बोरी चावल, 8 बोरी नमक तथा 2 बोरी 10 किलो शक्कर बरामद हुई है। पंचनामा बनाकर इसके भी जब्ती की कार्यवाही की गई है। एसडीएम ने बताया कि थाना प्रभारी सिरमौर को प्रकरण में वाहन चालक तथा वाहन मालिक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

# जनकल्याण शिविरों का लगातार हो रहा आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत 15 दिसम्बर से 26 जनवरी तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। साथ ही आमजनता के आवेदनों का मौके पर निराकरण किया जा रहा है।

जिले के सभी विकासखण्डों में शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सपना त्रिपाठी ने बताया कि रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के ग्राम बदवार में आयोजित शिविर में 139 आवेदन पत्र दर्ज किए गए। इनमें पेंशन, संबल योजना,



प्रधानमंत्री आवास योजना तथा खाद्य विभाग से संबंधित आवेदन पत्र शामिल रहे। विकासखण्ड गंगेव की ग्राम पंचायत पचपहरा में आयोजित शिविर में 11 तथा ग्राम पंचायत चौड़ियार में 90 आवेदन पत्र दर्ज किए गए। आज ही ग्राम पंचायत कांकर, ग्राम पंचायत चौड़ियार, ग्राम पंचायत बरहट, ग्राम पंचायत बसेड़ा में भी शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जा रहे हैं।

# स्वस्थ और समृद्ध रीवा के सपनो को साकार कर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने स्वस्थ रीवा समृद्ध रीवा के नारे को चरितार्थ करने के लिए लगातार प्रयास किये हैं। इस क्रम में कई नामीग्रामी बड़े अस्पतालों के सहयोग से जिला और विकासखण्ड स्तर पर शिविर लगाकर गंभीर रोग से पीड़ितों की जांच कराई गयी। गंभीर रोगियों को निःशुल्क उपचार सुविधा दी गयी। उप मुख्यमंत्री जी की विशेष पहल से विन्ध्य क्षेत्र को सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की सौगात मिली है। इसने भी स्वस्थ्य रीवा और समृद्ध रीवा के सपने को साकार करने में सराहनीय योगदान दिया है। वर्ष 2024 में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में किटनी ट्रांसप्लांट के चार सफल ऑपरेशन किये गये। ऑपरेशन के बाद सभी मरीज पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं।



सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का हृदय रोग विभाग हृदय के जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक करके विन्ध्य क्षेत्र का नाम रोशन कर रहा है। हृदय रोग विशेष डॉ. एसके त्रिपाठी तथा अन्य डॉक्टरों एवं उपचार कर्मियों की टीम ने कई जटिलतम एनजीयों प्लास्टिक आपरेशन किये। इसमें लेफ्टमैन, वाईफर्केशन, एनजीयो प्लास्टिक, सी.टी.ओ. एनजीयो प्लास्टिक तथा रेस्क्यू एनजीयो प्लास्टिक जैसे जटिल आपरेशन सफलतापूर्वक किये गये। सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल एक ही दिन में 17 एनजीयो प्लास्टिक के आपरेशन करने वाला प्रदेश का पहला शासकीय अस्पताल बना। ठण्ड का प्रकोप बढ़ने के साथ हृदय रोग पीड़ितों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। इन सभी को उचित उपचार सुविधा दी जा रही है। हृदय रोगियों के उपचार के लिए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल के विशेष प्रयासों से सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल को एक अतिरिक्त कैथलैब मशीन प्राप्त हो गयी है। इससे हृदय रोगियों के उपचार में तेजी आयी है। सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में उपचार सुविधाओं को बेहतर करने के लिए डीन डॉ. सुनील अग्रवाल तथा हास्पिटल के अध्यक्ष डॉ. अक्षय श्रीवास्तव द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

## रीवा की बेटी 'सूची' का चैलेंजर ट्रॉफी में चयन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा शहर के वार्ड क्र मांक -9 बोदा बाग़ में घर के आंगन में बने टर्फ विकेट में [16 ] प्रैक्टिस करने वाली सूची उपाध्याय के नाम एक और उपलब्धि में शामिल हो गया है। सूची का चयन 5 जनवरी से चेन्नई में आयोजित होने वाली चैलेंजर ट्रॉफी की इंडिया-डी टीम में किया गया है 11 सदस्यीय टीम में सूची का नाम भी शामिल है। ये उपलब्धि उनके द्वारा किए जा रहे लगातार धुआंधार प्रदर्शन के चलते मिली है। बतादें कि वर्तमान में सूची मध्य प्रदेश के सीनियर रणजी टीम में शामिल हैं और ओडी आई प्रतियोगिता में खेल रही हैं। बता दें कि सूची ने शुरुआत में रि केट का प्रशिक्षण रीवा के कोच इंद्रदेव भारती से प्राप्त किया। उनके द्वारा सूची को रि केट की बारीकियां सिखाने के लिए खेल मैदान नहीं था तो घर के आंगन में ही टर्फ विकेट पिच खुद के पैसे से बनाई और सूची को इस मुकाम तक पहुंचाने में विशेष योगदान निभाया है।

## छह वर्षीय मासूम बच्चे की सेप्टिक टैंक में डूबने से मौत

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में छह वर्षीय मासूम बच्चे की सेप्टिक टैंक में डूबने से मौत हो गई। बच्चा घर के बाहर खेलते वक्त अचानक से गायब हो गया। परिजन करीब चार घंटे तक पूरे गांव में बच्चे की तलाश में भटकते रहे, इस दौरान उसका शव सेप्टिक टैंक के अंदर मिला। घटना ज़िले के सेमरिया थाना क्षेत्र की शाहपुर चौकी अंतर्गत रहट गांव की है। बताया जा रहा है कि छह वर्षीय सिद्धार्थ नट बीते दिवस दोपहर करीब 3 बजे अपने घर से निकला था, काफी देर तक जब वो वापस नहीं आया, तो घरवाले उसकी तलाश करने निकल पड़े। शाम 6 बजे तक गांव के नदी-नाले और तालाब में बच्चे की तलाश में परिजन भटकते रहे, थकहार कर जब वो वापस घर आए तो पड़ोस में बने अमरनाथ नट के खुले सेप्टिक टैंक में कांटा डाला गया। जहां बच्चे का शव मिला। परिजन बच्चे के जीवित होने की आस में उसे लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामले को जांच में लिया है।

## कुयें में गिरी गाय को एसडीआरफ की टीम ने देर रात बचाया

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा शहर में एक गाय करीब 80 फीट गहरे कुए में जा गिरी। गाय को एस डी आर एफ की टीम ने कड़ी मशक्कतत से रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाल कर उसकी जान बचाई। बताया गया कि करीब तीन घंटे तक एस डी आर एफ की टीम गाय को कुएं से बाहर निकालने की कोशिश में जुटी रही। दरअसल ये घटना बीती रात शहर के करहिया मंडी के समीप हुई। जहां मंडी के सामने स्थित गहरे कुए में एक गाय जा गिरी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पहले अपने स्तर पर गाय को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन जब वो सफल नहीं हुए तो एस डी आर एफ की टीम को बुलाया गया। देर रात मौके पर पहुंची एस डी आर एफ की टीम ने रेस्क्यू कर पानी से भरे कुएं में गिरी गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उपनिरीक्षक विकास पांडे के मुताबिक रात तकरीबन साढ़े 11 बजे कुएं में गाय के गिरने की जानकारी मिली थी, जिसके बाद रात में ही नौ सदस्यीय टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर गाय की जान बचाई गई।

## विकास खंड स्तरीय दिव्यांग चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** राज शिक्षा केंद्र एवं जिला शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार 31 दिसंबर को शासकीय मार्तंड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में रीवा विकासखंड स्तर का शिविर का आयोजन प्रातः 10 से 5 बजे तक किया गया है। चिकित्सा शिविर में जबलपुर की एलिम्को टीम द्वारा छात्रों की आवश्यकता अनुसार चिकित्सीय उपकरण प्रदान किए जाएंगे। साथ ही जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा कक्षा 1 से 8 तक अध्यनरत दिव्यांग छात्रों के प्रमाण पत्र भी बनाए जाएंगे। इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी रीवा को नोडल बनाया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विकासखंड स्त्रोत समन्वयक रीवा और एमआरसी प्रभाकर सिंह, पिंकी पटेल ने सभी शाला प्रभारी से इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु छात्रों को शिविर में उपस्थित कराने की अपील की है।

## संभाग में एमपीआरडीसी के निर्माण कार्यों की समीक्षा की

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** .उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय में रीवा संभाग में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) की महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि आमजन को इन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का शीघ्र लाभ मिल सके। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सीधी से सिंगरौली 4-लेन (लंबाई 105.59 किमी) और रीवा बायपास (लंबाई 19.20 किमी) के निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्यों को पूर्ण किया जाए। बताया गया कि सीधी-सिंगरौली मार्ग का शेष निर्माण कार्य 30 जून 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। रीवा बायपास का कार्य आगामी दो वर्षों में पूर्ण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल को बताया गया कि रीवा-बायपास के लिए आरओडब्ल्यू उपलब्ध है और चिन्हांकन का कार्य प्रगतिरत है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने आगामी शहडोल रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव को ध्यान में रखते हुए संबंधित सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रीवा-शहडोल मार्ग (टेटका मोड़ तक एसएच-57) की प्रगति की समीक्षा की और वन विभाग द्वारा पूर्व में स्वीकृत मार्ग के सुदृढ़ीकरण के कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। एमडी एमपीआरडीसी अविनाश लवानिया सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## व्हाइट टाइगर सफारी में नए साल में पर्यटकों के लिए विशेष प्रबंध

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** वर्ष के अंतिम दिन 31 दिसम्बर और नए वर्ष के आगमन एक जनवरी को महाराजा मार्तण्ड सिंह व्हाइट टाइगर सफारी मुकुंदपुर में पर्यटकों के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। इन दोनों दिनों में पर्यटकों की बड़ी संख्या का अनुमान करके अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं। इस संबंध में व्हाइट टाइगर सफारी के संचालक ने बताया कि इन दोनों दिवसों में आठ टिकट काउंटर बनाए गए हैं। वाहनों को व्यवस्थित करने के लिए दोपहिया वाहनों की दो तथा चार पहिया वाहनों की भी दो अलग-अलग पार्किंग बनाई गई है। नए साल में व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने तथा पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। इसके साथ-साथ चिकित्सा दल एवं फायर ब्रिगेड भी तैनात रहेंगे। व्हाइट टाइगर सफारी में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए सतना मण्डल के 58 वन कर्मी, रीवा वनमण्डल के 25 वनकर्मी, एक उप वनमण्डलाधिकारी तथा 2 वन परिक्षेत्र अधिकारी को तैनात किया गया है। वरिष्ठ अधिकारी व्यवस्थाओं की मॉनीटरिंग करेंगे। व्हाइट टाइगर सफारी के प्रवेश टिकट में पर्यटकों की सुविधा के लिए निर्देश अंकित किए गए हैं। इनका पालन करते हुए नए वर्ष की खुशियाँ मनाएं। नए साल में व्हाइट टाइगर सफारी आने वाले पर्यटक अपने साथ चल रहे बच्चों एवं बुजुर्गों का ध्यान रखें। वन्यप्राणियों के साथ न तो किसी तरह की छेड़छाड़ करें न ही उन्हें खाद्य सामग्री दें। सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पर्यटकों की निगरानी की जाएगी। निर्देशों का उल्लंघन करने पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।